हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम 29.8 डिग्री

न्यूनतम 23.7 डिग्री

16 पटवारी-कोटवार को निलंबित करने सरपंच को पद से हटाने की अनुशंसा



18 पीजी बांड पोस्टिंग काउंसिलिंग में गड़बड़ी...



### रविवि अध्ययनशाला में भी योगा की सीटें रिक्त पद नहीं निकलने से नुकसान

## फीस घटाई फिर भी नहीं मिल रहे छात्र, अब योगा व पीजीडीसीए बंद करने की तैयारी में महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दशकभर पहले जब योगा का प्रचार-प्रसार प्रारंभ हुआ तो इससे संबंधित पाठ्यक्रमों की प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में बाढ़ सी आ गई थी। अब हालात ये हैं कि योगा आधारित सर्टिफिकेट, डिप्लोमा अथवा डिग्री पाठ्यक्रम को भी छात्र नहीं मिल रहे हैं। इसलिए रायपुर जिले के कई महाविद्यालय योगा पाठ्यक्रम को बंद करने की तैयारी में है। ना केवल महाविद्यालय बल्कि विश्वविद्यालय अध्ययनशाला को भी पर्याप्त छात्र नहीं मिल सके हैं। कुछ महाविद्यालय योगा के डिप्लोमा-डिग्री पाठ्यक्रम को तीन माह के सर्टिफिकेट प्रोग्राम में तब्दील कर रहे हैं तो कुछ इसे पूर्ण रूप से बंद करने पर विचार कर रहे हैं। शिक्षाविदों व विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों के मुताबिक, प्रत्येक पाठ्यक्रम का एक ट्रेंड होता है। योग के वैश्विक प्रचार-प्रसार के दौरान योग शिक्षा को जिस तरह से प्राथमिकता दी गई, उस दौरान यह अनुमान लगाया गया कि प्रत्येक स्कूल ▶▶|शेष पेज 16 पर

**कंप्यूटर आधारित अन्य पाठ्यक्रमों के कारण डिप्लोमा कोर्स में कम विद्यार्थी**

### सर्टिफिकेट कोर्स में तब्दील

*इस वर्ष योगा पाठ्यक्रम में दाखिले नहीं दिए गए हैं। हम डिप्लोमा पाठ्यक्रम को सर्टिफिकेट कोर्स में बदलने की तैयारी कर रहे हैं। यह अपेक्षाकृत कम अवधि व कम फीस वाला पाठ्यक्रम होगा। कई अन्य महाविद्यालय भी इसे बंद करने की योजना बना रहे हैं।*

*- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत महाविद्यालय*

### दो विभागों में योगा पाठ्यक्रम

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में योगा विभाग के अधीन सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रम पहले से ही संचालित हैं। अब इन पाठ्यक्रमों को शारीरिक शिक्षा विभाग के अधीन भी आरंभ किया गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि बीत जाने के बाद भी यहां सीटें नहीं भर सकी हैं। ▶▶|शेष पेज 16 पर

### 60 सीटें प्रवेश सिर्फ 12, कम की फीस

*कंप्यूटर के डिप्लोमा पाठ्यक्रम को भी अधिक छात्र नहीं मिल पा रहे हैं। डागा महाविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से कंप्यूटर में पोस्ट ग्रेज्यूएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। यहां की 60 सीटों के लिए सिर्फ 12 आवेदन ही मिले हैं। दुर्गा महाविद्यालय में इसकी 14 सीटें भरी हैं। महंत कॉलेज में 80 में से* ▶▶|शेष पेज 16 पर

## संवारने और उजाड़ने में बिगड़ रहा बजट, बार बार बदला जा रहा पेवर ब्लाक, अब पोल भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के पुरानी बस्ती से लाखे नगर मार्ग पर सालभर पहले लगाए गए पेवर ब्लाक को उखाड़कर नया पेवर ब्लाक लगाया जा रहा है, जबकि पुराना पेवर ब्लाक अभी खराब नहीं हुआ है। इसी तरह टिकरापारा के नरैया तालाब किनारे लोगों के सुगम आवागमन के लिए बनाए गये पाथवे को टॉय ट्रेन की पटरी लगाने उखाड़ दिया गया है, जबकि इसकी जरूरत हीं नहीं थी। इधर, पंडरी कपड़ा मार्केट में सिटी सेंटर मॉल के पास 2 साल पहले लगाए गए स्मार्ट पोल वाली जगह पर नया डेकोरिटव पोल लगाने का खेल चल पड़ा है। ▶▶|शेष पेज 16 पर





### 15 पोल नया लगाया है

*पंडरी इलाके में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा पुराने टेंडर के तहत स्टायलिश पोल लगवाए गए थे, जो कि अलग-अलग तरह के पोल थे। उसमें से 15 पोल नए लगाए जा रहे हैं, ताकि उसमें एकरूपता दिखे। निकाले गये पोल को दुल्हन साड़ी सेंटर के पास लगवा रहे हैं, वहां पहले पर्याप्त रोशनी नहीं थी। पुरानी बस्ती से लाखेनगर के बीच अंडरग्राउंड केबल के लिए खुदाई की वजह पेवर ब्लाक उपर-नीचे हो गए, इसलिए दोबारा लगाया जा रहा है।*

*- **मीनल चौबे**, महापौर, रायपुर नगर निगम*

### नरैया तालाब किनारे टॉय ट्रेन की पटरी के लिए उखाड़ा गया पाथवे

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित टिकरापारा के नरैया तालाब का सौंदर्यीकरण कराने जोन स्तर पर 1 करोड़ की योजना बनाकर 2 साल पहले तालाब की सफाई, सौंदर्यीकरण और लोगों के चलने के लिए पाथवे बनवाया गया। इसके साथ ही प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइट लगवाई गई। अब उसी जगह को पिकनिक स्पॉट के तौर पर विकसित करने बच्चों के लिए टॉय ट्रेन चलाने तथा मनोरंजन की अन्य सुविधा विकसित करने अनुबंध किया गया है। ठेका एजेंसी ने छुकछकिया चलाने के लिए पटरी बिछाने पाथवे ▶▶|शेष पेज 16 पर

### पंडरी के महालक्ष्मी मार्केट में 69 लाख के नया स्टायलिश पोल

पंडरी इलाके में दुल्हन साड़ी सेंटर से देवेन्द्र नगर मुख्य मार्ग तक 69 लाख रुपये की लागत वाले नए स्ट्रीट पोल लगाए जा रहे हैं। पुराना पोल होने के बाद भी उसके ठीक बाजू में रायपुर स्मार्ट सिटी दूसरा नया पोल लगाकर इलाके को जगमगाने में लगा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसर का कहना है पूर्व में 11 पोल लगे होने से केवल आधा एरिया कवर हो रहा था इसलिए अब इसी रास्ते में एक जैसे रंग वाले 40 स्टायलिश पोल लगाया जा रहा है। इसके फाउंडेशन का काम पूरा हो गया है। इसी तरह ▶▶|शेष पेज 16 पर







21 अगस्त
जीवेत शरदः शतम्
ऊर्जावान एवं सरल हृदय के धनी
हम सबके प्रिय भाजपा नेता
मा. संजय श्रीवास्तव जी
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई व शुभकामनायें
महेंद्र पंडित
प्रदेश संयोजक
झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ (छ.ग.)
भाजपा महामंत्री (धमतरी जिला)
रोहित साहू
पार्षद
गोपेश साहू
पार्षद
कमलेश सूर्यवंशी (गोलू)
जिला महामंत्री, भाजयुमो, राजनांदगांव
विनोद अग्रवाल
अध्यक्ष- ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन
विकास अग्रवाल
प्रदेश सहसंयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ (छ.ग.)
प्रदीप वर्मा
पार्षद
सचिन सिंघल
मंडल अध्यक्ष लाखे नगर रायपुर
अनूप खेलकर
पूर्व मंडल अध्यक्ष, शंकर नगर
राजेश गुप्ता
पार्षद- शंकर नगर वार्ड
रवि शादीजा
भाजपा नेता
आरिफ भिंसरा
सामाजिक कार्यकर्ता
इं. मखमूर इकबाल खान
प्रदेशाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा (छ.ग.)
विनीत : समस्त कार्यकर्त्ता, भारतीय जनता पार्टी (छ.ग.)
sumit

## खबर संक्षेप



### अंतर्राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप में चैन कुमारी ने जीता कांस्य पदक

**तरपोंगी।** ग्राम तरपोंगी के चैन कुमारी निषाद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। दक्षिण कोरिया के डोंगहे में 25 से 30 अगस्त 2024 तक आयोजित प्रथम विश्व वुडबॉल एशिया कप एवं आठवीं कोरियन ओपन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर जिला महासमुंद में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में जिला प्रशासन द्वारा चैन कुमारी निषाद का विशेष सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद रूप कुमारी चौधरी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। खेल क्षेत्र में चैन कुमारी निषाद की यह सफलता न सिर्फ उनके परिवार और जिले के लिए, बल्कि पूरे राज्य के लिए प्रेरणा बनी है। उनके इस प्रदर्शन ने यह साबित किया कि लगन और मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की बेटियां परचम लहरा सकती हैं।

### राजीव गांधी को नमन कर दी गई श्रद्धांजलि

**सिलयारी।** राजीव भवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, कांग्रेस महामंत्री सकलेन कामदार, प्रदेश सचिव दिलीप चौहान एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बंजारे ने राजीव गांधी के योगदान को याद कर उन्हें नमन किया। नेउन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज और आधुनिक भारत की नींव रखकर देश को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी प्रेरणा देते हैं। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

### एथलेटिक्स क्रीडा स्पर्धा में पलक साहू प्रथम रही

**आरंग।** विकासखंड स्तरीय एथलेटिक्स क्रीडा प्रतियोगिता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेकारी में आयोजित हुई। जिसमें सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक एवं बालिका वर्ग अंडर 14, 17, 19 वर्ष से कम के प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले में अपना स्थान बनाया। जिसमें सृजन स्कूल से बालिका अंडर -17 में पलक साहू (कक्षा-10) 800 मीटर दौड़ मे प्रथम स्थान और अंडर -19 में निहालिका साहू (कक्षा-11) 100 मीटर दौड़ मे द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय खेल कोटा रायपुर के लिए चयन हुए। वही बालिका वर्ग (कक्षा-11) से नारायणी साहू, पूजा साहू, बालक वर्ग (कक्षा-11) से भूपेंद्र लोधी, तुषार कोसले, लक्की अजगर, प्रियांशु चंद्राकर, कोमल साहू का दौड़, गोला फेक, भाला फेक, लंबी कूद एवं ऊंची कूद में सराहनीय प्रदर्शन रहा। चयनित खिलाडियों को शालेय विकास समिति के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपा. सियाराम सोनकर, कोष. देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सह.स. सतीश सोनकर, संस्था के प्राचार्य यशोदा योगी, खेल शि. हंसराज जलक्षत्री एवं समस्त शिक्षक वृन्द ने हर्ष जताया।

### पंजीयन नहीं होने से किसानों में आक्रोश, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**आरंग।** छ.ग. मे सभी किसानों का किसान आई.डी. बनाया जा रहा है जो कि शासन के सभी योजनाओं के साथ साथ धान बिक्री पंजीयन मे भी काम आयेगा, परन्तु 31 मार्च 2024 से अभी तक के खरीदी या नामांतरित जमीन का पंजीयन नहीं हो रहा है। जिससे किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है और धान बिक्री से भी वंचित हो जाएगा। किसान नेता पारसनाथ साहू ने अनुविभागीय अधिकारी आरंग को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग किया है कि सरकार आवश्यक सुधार कर सभी राजस्व कार्यालय मे निर्देश जारी करे।

# एसडीएम ने छात्रों के साथ मनाया बर्थडे न्योता भोज के साथ बच्चों को दिए उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिलाषा पैंकरा ने अपना बर्थडे शासकीय प्राथमिक शाला रसनी के विद्यार्थियों के साथ मनाया। इस अवसर पर न केवल केक काटा अपितु उन्होंने न्योता भोज भी कराया।

विद्यार्थियों ने भी बड़े स्नेह से उन्हें स्व निर्मित फूलों के गुलदस्ते भेंट किए, जिसे उन्होंने अनमोल तोहफा बताया। न्योता भोज में एसडीएम पैकरा ने खीर, पूड़ी, केला, केक एवं चॉकलेट परोसा एवं खुद भी प्रसन्नता से बच्चों के साथ बैठकर न्योता भोज किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से उनके गोल के बारे में प्रश्न भी किया। जिसका बच्चों ने मासूमियत से जवाब देते हुए डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस, फौजी, टीचर यहां तक की प्रधानमंत्री बनने की बात कही।

तब एसडीएम अभिलाषा ने कहा कि यदि रोज स्कूल आओगे, गुरुजनों की बात मानोगे एवं होमवर्क करोगे तो निश्चय ही कामयाबी मिलेगी। कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यार्थी को कलर बुक, कलर बॉक्स, लेखनी उपहार में दिए गए एवं बच्चों ने गीत शायरी एवं कविता के माध्यम से उन्हें हैप्पी बर्थडे कहा। साथ साथ ही अधिकारी पैकराने जिला कलेक्टर रायपुर के द्वारा चलाई जा रही ऑपरेशन घंटी, हरियर स्कूल आदि के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली एवं स्कूल के प्रिंट रिच वातावरण की प्रशंसा की। इसी क्रम में रविदास नगर अंबेडकर वार्ड आंगनवाड़ी केंद्र में भी अधिकारी अभिलाषा ने केक काटा बच्चों को खिलाया और उपहार भेंट में दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार गजानन सिदार, पटवारी सरिता ध्रुव एवं प्रधान पाठक रसनी संतोष कुमार चंद्राकर एवं प्रधान पाठक गुखेरा अरविंद वैष्णव, शिक्षकगण रत्नावली चंद्राकर, चित्रकांत चंद्राकर, धनपाल कुर्रे, ममता देवांगन के साथ-साथ कर्मचारी मनोज मराठा, राम विशाल पैकरा एवं रामगोपाल ध्रुव सहित महिला मध्यान्ह स्व सहायता समूह मंगलीन यादव, सुशील निर्मलकर आदि की भी उपस्थिती रही।

### पचेड़ा स्कूल में न्योता भोज कराया गया

**आरंग।** ग्राम पचेड़ा के शासकीय स्कूल परिसर में सरपंच फातिमा फरीद कुरैशी द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति रही।सरपंच ने अपने उद्बोधन में माता-पिता के आदर्श जीवन, उनके संस्कार और समाज सेवा की प्रेरणा को याद करते हुए कहा कि मां-बाप हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उनकी स्मृतियों को जीवंत रखने और समाज के साथ साझा करने का सबसे श्रेष्ठ माध्यम सेवा और सद्भाव है। न्योता भोज में पार्बती हेमलाल मिर्चे उपसरपंच, पंचगण रामदुलार वर्मा, शंकर बघेल, कृष्णकुमार देवांगन, त्रिभुवन वर्मा, सियाराम वर्मा, गजेंद्र वर्मा, हेमलाल वर्मा, रामचन्द्र साहू, ईश्वर पाल, रामशरण वर्मा व सोनम दास जांगड़े के अलावा प्राथमिक माध्यमिक व हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रसादी ग्रहण कर सरपंच के इस आयोजन की सराहना की।



## गुरु खुशवंत के मंत्री बनने पर नगर में खुशी की लहर



**तिल्दा नेवरा।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरु खुशवंत साहब मंत्री बन गए है। जिससे नगर व क्षेत्र में भारी खुशी का माहौल व्याप्त हो गया है, बता दे गुरु खुशवंत साहब का तिल्दा नेवरा से पुराना नाता है उनकी बहन श्रीमती लेमिक्षा गुरु डहरिया तिल्दा नेवरा नगर पालिका के अध्यक्ष रही हैं, साथ ही तिल्दा नेवरा क्षेत्र में पले बढ़े गुरु खुशवंत का तिल्दा नेवरा क्षेत्र से भारी लगाव है। तिल्दा नेवरा क्षेत्र में उनके शुभचिंतको के कोई भी सुख-दुख के कार्यक्रम में उन्हें अवगत कराते हैं तो वे उनके यहां बिल्कुल उपस्थित होते रहे हैं। उनकी इसी तरह की सादगी से लोग उनके कायल है, साथ ही अब उनके मंत्री बनने से तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में भारी खुशी और उत्साह का माहौल है। वहीं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, रमेश रिंकू अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, पंकज यदु, आदर्श अग्रवाल, सौरभ जैन, गौरव गोलू अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, दिलीप वर्मा, जीतू माधवानी, विकास कोटवानी, सहित भारी संख्या में उनके समर्थक रायपुर पहुंचकर गुरु खुशवंत साहेब को बधाई भी दिए हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महतारी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ

**तिल्दा नेवरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में लगाया गया महतारी मेगा हेल्थ कैंप शिविर, पार्षद रानी सौरभ जैन द्वारा कई सामग्रियों का किया गया वितरण। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है, महतारी मेगा हेल्थ कैंप भी यहां पर आयोजित की गई है जहां पर बड़ी संख्या में मरीज उपस्थित हुए और अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाए हैं। वही आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए भाजपा उपाध्यक्ष सौरभ जैन एवं वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद रानी सौरभ जैन द्वारा अस्पताल पहुंचकर बच्चों को सुरक्षित रखने की किट वितरण किया गया, साथ ही मरीजों को फल वितरण किया गया। सभी वार्डों में जाकर उनके द्वारा मरीजों का कुशल छेम भी पूछा गया। मेगा हेल्थ कैंप में भी पहुंच कर उनके द्वारा जायजा लिया गया।

## संकुल केंद्र खमतराई में शिक्षा गुणवत्ता सुधार को लेकर हुई बैठक



**आरंग।** बुधवार को संकुल केंद्र खमतराई हाई स्कूल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के निर्देशानुसार सभी प्राथमिक पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठकों की एक-एक शिक्षक सहित बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला कलेक्टर रायपुर के द्वारा चलाई जा रही 15 उत्कृष्ट योजनाएं जैसे मिशन उत्कर्ष, पढ़े रायपुर लिखे रायपुर, ऑपरेशन उद्घोष, हरियर पाठशाला, प्रोजेक्ट यू शेप, नोनीहाल छात्रवृत्ति, ऑपरेशन घंटी आदि के क्रियान्वयन की प्रगति पर समीक्षा बैठक ली गई एवं मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण जिसमें पांच सदस्यों वाली टीम बनाना है जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधि के साथ जनप्रतिनिधि गण शिक्षाविद आदि को लेकर शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की जानी है पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य लायक सिंह डहरिया, संकुल समन्वयक हरीश दीवान, व्याख्याता सी एल एनेश्वरी, प्रधान पाठक नरसिंह दास मानिकपुरी, दिगंबर बरिहा लक्षण लहरी, अरविंद वैष्णव, कृष्णकांत साहू, सुंदरलाल साहू, तारकेश्वर डडसेना, पुनेश्वर साहू बबीता लहरे, भूषण जलक्षत्री, नोहर लाल यादव, सौरभ साहू उपस्थित थे।

## कुरूद स्कूल में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

**आरंग।** पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय कुरूद (बाराडेरा) में बुधवार को शिक्षकों एवं पार्षद ने एक अनूठी पहल करते हुए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से पौधे लगाए और उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बच्चों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस अवसर पर मौजूद रहे और पौधारोपण के महत्व को समझते हुए संकल्प लिया कि वे भी अपने जीवन में पेड़-पौधों को बचाने और लगाने की प्रेरणा ग्रहण करेंगे। शिक्षकों का कहना है कि मां के नाम पर लगाए गए पेड़ सिर्फ हरियाली का प्रतीक नहीं बल्कि जीवनदायिनी प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश भी हैं।

पौधारोपण के जरिए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की सीख देना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय परिवार ने अपील की कि सभी लोग अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी सुरक्षा का दायित्व भी निभाएं।

## लखौली में 41 छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखौली में राज्य सरकार की सरस्वती निःशुल्क साइकिल वितरण योजना वर्ष 2025 के अंतर्गत कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हिरामन साहू सरपंच, शेखर साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, रत्थु साहू विधायक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय के प्राचार्य राज्यश्री गुप्ता ने उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी तथा उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रखने में मदद मिलेगी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार का यह प्रयास बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर कुल 41 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने सरकार तथा विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता अनिता बखला, ज्ञानकुमार वर्मा, संगीता यादव, गोवर्धन जंघेल, अंजना खुटियारे, चंचल कौशिक, बसंती साहू, प्रीति गुप्ता, योगेश बघेल, वर्षा चंद्राकर, संतोष कुमार निषाद एवं समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। अंत में प्राचार्य द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## प्राथमिक शाला में हाउस ड्रेस कोड बांटा गया



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला बनचरौदा शिक्षा गुणवत्ता के साथ अपने नए-नए नवाचारों के लिए भी प्रसिद्ध है। अब शासकीय प्राथमिक शाला बनचरौदा के बच्चे स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदाय स्कूल यूनिफार्म के अलावा सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को हाउस ड्रेस कोड के साथ नजर आएंगे जो की ग्रामीण अंचल की स्कूल में एक अनूठा प्रयोग है। कक्षा पहली व दूसरी के बच्चे नीले टी शर्ट और नेवी ब्लू लोअर, कक्षा तीसरी के बच्चे लाल टी शर्ट और नेवी ब्लू लोअर, कक्षा चौथी के बच्चे पीला टी शर्ट नेवी ब्लू लोअर, कक्षा पांचवी के बच्चे हरे शर्ट एवं नेवी ब्लू लोअर में नजर आएंगे। साथ ही बच्चों को टाई, बेल्ट, जूता, मोजा, कॉपी, पेन, पेंसिल, पहाड़ा भी वितरण किया गया। इस नवाचार को पूरा करने के लिए ग्राम के युवा इंजीनियर मोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य कृष्ण कुमार साहू, सरपंच राजेश खूंटे, उप सरपंच परस राम साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष परसराम साहू, उपाध्यक्ष लोकेश्वरी वर्मा एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण पंचायत के पंचगण ग्रामवासी द्विज बाई साहू, किरण साहू, पवन पटेल, नारद निषाद, नेमीचंद साहू, उमेंद्र पटेल, तुलाराम साहू, प्रधान पाठक गोपी राम ध्रुव, शिक्षकगण, दीपक कुमार दुबे, योगेश कुमार साहू, राजेंद्र कुमार ओगर, मुकेश कुमार साहू का विशेष योगदान रहा। मोहित चंद्राकर के स्कूल के प्रति उच्च स्तरीय सोच की वजह से ही हाउस ड्रेस की अवधारण साकार हुई है जिससे बच्चों में शासकीय स्कूल की छवि से ऊपर सोच के लिए तैयार होना है।

## छग किसान महाराष्ट्र में लेंगे प्रशिक्षण अंचल में जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा




**आरंग।** मंगलवार को छत्तीसगढ़ के आरंग अंचल के किसान जैविक खेती का प्रशिक्षण लेने महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए। वहां वे जैविक खेती संबंधी विभिन्न विधियों व तकनीकों का प्रशिक्षण लेकर अंचल में जैविक खेती करेंगे। वहीं किसान नेता पारसनाथ साहू ने बताया अंचल के प्रगतिशील किसान जैविक खेती को बढ़ावा देने क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। सभी कृषक के बी बायोटेक कंपनी महाराष्ट्र के बायो प्लांट का निरीक्षण एवं प्रशिक्षण लेकर छत्तीसगढ़ में जैविक खेती के लिए किसानों को प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे हैं। वहीं प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से झनकराम आवडे, गोविन्द चद्राकर, द्वारिका साहू, डोमन लाल, जयनारायण, हीरालाल कन्नौजे, प्रीतम सोनकर, कुलेश्वर राव, संतोष मिश्रा, आशुतोष अग्रवाल, थानसिंग साहू आदि कृषकों की टीम महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए।

## राजीव गांधी की 81वीं जयंती मनाई गई



**तरपोंगी।** ग्राम तरपोंगी में पूर्व प्रधान मंत्री स्व राजीव गांधी की 81 वी जयंती मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने राजीव गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत रत्न, पंचायती राज के जनक, संचार क्रांति के प्रणेता राजीव गांधी को याद किये गए। इस अवसर पर जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, कामता वर्मा, आर एल शांडिल्य, डोमार कोशे, नकुल वर्मा, शंकर लहरे, संतोष कुमार ध्रुव, केवल धीवर, भूपेंद्र वर्मा, प्रदीप यादव, डिगेश वर्मा, तिरिथ राम साहू, लिकेश यादव, अरुण देवांगन, मनहरण यादव, बेदराम निर्मलकर,दिनेश वर्मा,नोहर सेन आदि उपस्थित थे।

## तिल्दा नेवरा में 500 पौधे रोपे गए



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा नगर पालिका द्वारा मिशन अमृत 2.0 अंतर्गत सघन पौधारोपण किया गया। भारत सरकार के महत्वकांक्षी योजना मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत वूमेन फॉर ट्री के तहत निकाय को प्रदाय किए गए स्वीकृत लक्ष्य 500 पौधो का रोपण कर संरक्षण एवं देखभाल अंतर्गत स्वीकृत कार्य स्थल डॉ भीमराव अंबेडकर भवन परिसर के पास सघन पौधारोपन रोपण किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा सहित पार्षदगण, सीएमओ पालिका कर्मचारी गण आदि उपस्थित हुए।

## स्कूल के पूर्व छात्र ने किया सम्मान, मेधावी छात्रों को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि दी



**अभनपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर में विद्यालय के प्रथम छात्र रहे डॉ. असीम गुप्ता जो वर्तमान में दुबई में एक एयरोस्पेस कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं तथा उनके छोटे भाई डॉ. अंकुर गुप्ता, जो रायपुर स्थित एनआईटी कॉलेज में प्रोफेसर हैं, दोनों ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में एक सराहनीय पहल करते प्रतिवर्ष विद्यालय की कक्षा अष्टम एवं दशम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार रूपये की सम्मान राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसी सत्र 2024-25 के लिए कक्षा दशम की छात्रा ईशा पटेल तथा कक्षा अष्टम की छात्रा संजीवनी सिंह को 10 हजार की सम्मान राशि प्रार्थना सभा में प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, आचार्यगण एवं समिति परिवार ने डॉ. असीम गुप्ता एवं डॉ. अंकुर गुप्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 15 किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा




तिल्दा-नेवरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 15 किलो 716 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विजय कुमार रोहरा (43 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर-5 तिल्दा कैंप के रूप में हुई है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 5 क्षेत्र में रोड के पास एक दोपहिया वाहन सवार व्यक्ति अपने पास गांजा रखकर कहीं जाने की फिराक में है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट तथा थाना तिल्दा-नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विजय कुमार रोहरा बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 15 किलो 716 ग्राम गांजा एवं घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन (सीजी/04/के टी /2771) को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ थाना तिल्दा-नेवरा में अपराध क्रमांक 360/25, धारा 20(बी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक रमाकांत तिवारी थाना प्रभारी तिल्दा-नेवरा, एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय सहित पुलिस टीम के सदस्यों गेंदूराम नवरंग, प्रआर संतोष वर्मा, कृपासिंधु पटेल, आर. अमित घृतलहरे, प्रकाश नारायण पात्रे, धनंजय गोस्वामी, उनि विकास देशमुख, सउनि अमिला नाग तथा आर. किशोर शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संकुल स्तरीय प्रशिक्षण सह बैठक संपन्न



**आरंग।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 सामाजिक अंकेक्षण को लेकर संकुल केंद्र शा.उ.मा. विद्यालय गुल्लू के अंतर्गत आने वाले समस्त प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा हाईस्कूल के संस्था प्रमुख/नोडल का संकुल प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा की उपस्थिति में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुल्लू के शैक्षिक हाल में सामाजिक अंकेक्षण रूब्रिक्स को लेकर प्रशिक्षण सह बैठक संपन्न हुई। संकुल स्तरीय मास्टर ट्रेनर व्याख्याता श्वेता मिश्रा ने रूब्रिक्स के सभी बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान कर शंकाओं का समाधान किया। संकुल प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा ने सामाजिक अंकेक्षण एवं जिला प्रशासन रायपुर द्वारा मिशन उत्कर्ष के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रमों का संचालन करने निर्देशित किया। जिसमें संकुल समन्वयक रोशन चंद्राकर, व्याख्याता रजनी बाला भारती, पाठकगण तुलाराम पाल, मोहित देवांगन, विनोद साहू, परमानंद टंडन, चंद्रलता साहू, शैल देवांगन, बाली राम पटेल, विनोद बंसोर, कमल नारायण घृतलहरे, कन्नौजे आदि उपस्थित रहे।


जीवेत शरदः शतम्
छ.ग.पी.डी.एस.संघ रायपुर की ओर से
ऊर्जावान एवं सरल हृदय के धनी एवं
नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष
मान. श्री संजय श्रीवास्तव जी
( अध्यक्ष, नागरिक आपूर्ति निगम छ.ग.)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
21 अगस्त
नरेश बाफना
अध्यक्ष
छ.ग. पी.डी.एस.संचालक संघ रायपुर
धीरेन्द्र वर्मा
संजय सिंह
भाजपा नेता
विकास अग्रवाल
भाजपा नेता
विनीत: दीपक अग्रवाल, तनवीर शेख, रायपुर (छ.ग.)


आरंग विधानसभा के लोकप्रिय विधायक
मान. गुरु खुशवंत साहेब जी
को छत्तीसगढ़ सरकार में
कैबिनेट मंत्री
कौशल विकास, तकनीकी, शिक्षा एवं रोजगार अनु.जा. विकास
बनाये जाने पर हार्दिक बधाई...
गोलू देवान
संकलनकर्ता- पवन साहू, हरिभूमि संवाददाता, आरंग मो. 9425513719, 9993830146

जीएडी वैकल्पिक व्यवस्था में जुटा, एक मंत्री के लिए छोटा पड़ रहा कमरा, मांगा मार्गदर्शन

# मंत्रालय में मंत्रियों के लिए 12 कमरे, 13वें मंत्री के लिए जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीन नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ ही प्रदेश में मंत्रियों की संख्या 13 हो गई है। मंत्रालय के मंत्री ब्लॉक में 12 ही कमरे हैं। तेरहवें मंत्री के लिए यहां कमरा ही नहीं है। ऐसे में जीएडी के अधिकारियों ने मंत्रियों के कमरे के लिए ऊपर से अनुमति मांगी है।

मंत्रालय में मंत्री स्तर के 12 ही कमरे बनवाए गए। उस समय किसी ने सोचा नहीं होगा कि हरियाणा में 13 मंत्री हो जाएंगे। उसके बाद छत्तीसगढ़ में भी मंत्रियों की संख्या बढ़ जाएगी। छत्तीसगढ़ में अब 13 मंत्री बन गए हैं। मंत्रालय के मंत्री ब्लॉक में पांच फ्लोर हैं। पांचवे फ्लोर में मुख्यमंत्री बैठते हैं और उनके सचिवालय के अधिकारियों का चैंबर है। उसके नीचे के चार फ्लोर मंत्रियों और उनके स्टाफ के लिए है। एक फ्लोर में तीन मंत्री के चैंबर हैं। अब मंत्री की संख्या 13 हो गई है। तीन मंत्री बनने से मंत्री लेवल के कमरे बचे हैं दो ही।




## एक कमरे का जुगाड़

*सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तीन में से दो मंत्रियों के लिए कमरा है, तीसरे के लिए नहीं। तीसरे मंत्री के लिए कमरे की व्यवस्था कहां से करें, इसे लेकर जीएडी के अफसरों ने अनुमति मांगी है। जीएडी ने फिलहाल दो छोटे कमरों को जोड़कर एक मंत्री के लिए वैकल्पिक इंतजाम किया है, मगर दो कमरों को जोड़ने के बाद भी कमरा वैसा नहीं बन पा रहा, जैसे मंत्री पूल के 12 कमरे हैं। जीएडी के अधिकारियों ने इसके लिए ऊपर से मार्गदर्शन मांगा है कि किस मंत्री को छोटा कमरा दिया जाए।*

## सचिवों के कमरे की कमी

*नया मंत्रालय जब बना था, उस समय दो-दो, तीन-तीन का आईएएस का बैच आता था। उस समय एक दर्जन से कुछ अधिक सचिव होते थे। अब सचिवों की संख्या बढ़कर 50 से ऊपर पहुंच गई है। ऐसे में सचिवों के बैठने के लिए कमरे ही नहीं हैं। उन्हें संसदीय सचिवों के कमरों में बैठाया जा रहा है। सचिवों और मंत्रियों के कमरों की साइज भी काफी लंबी-चौड़ी कर दी गई। अगर साइज कम की गई होती, तो फिर और कमरे निकल गए होते। हालांकि, नया रायपुर में जगह की कमी थी नहीं। अलबत्ता, सरकार अब मंत्रालय बिल्डिंग के एक्सपेंशन पर विचार कर रही है।*

## खबर संक्षेप

### गिरीश ग्रामीण विकास मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश पंकज को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन भारत सरकार के



राजभाषा विभाग द्वारा किया गया है। इसके पूर्व भी गिरीश पंकज साहित्य अकादमी के सदस्य एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य रह चुके हैं। गिरीश पंकज पिछले 45 सालों से साहित्य की दुनिया में सक्रिय हैं। विविध साहित्यिक विधाओं में इनकी 125 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

### जहां शांतिपूर्ण सत्याग्रह चल रहे हैं उनका सम्मान शासन और प्रशासन को करना चाहिए



**रायपुर।** आदिवासी समाज और लोकतंत्र पर सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संस्थापक-संरक्षक रघु ठाकुर ने महात्मा गांधी के सत्याग्रह पर जोर देते हुए एक ऐसी व्यवस्था की जरूरत बताई है, जहां आंदोलनों का एजेंडा भारतीय हो, जनता के साधनों से आंदोलन चलें। इसी के समानांतर शासन और प्रशासन मानवीय बने, जनता से संवाद करे, उसकी बात सुने। रघु ठाकुर रायपुर के मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में 'सविनय अवज्ञा, आदिवासी समाज, लोकतंत्र और सत्याग्रह' विषय पर बोल रहे थे। शासन द्वारा वंचित आदिवासी समाज की नीतियों की विसंगति पर विस्तार से बोलते हुए रघु ठाकुर ने कहा, जहां शांतिपूर्ण सत्याग्रह चल रहे हैं उनका सम्मान शासन और प्रशासन को करना चाहिए।

### राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल की बैठक आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत राजधानी रायपुर में 21 अगस्त को खनिज संसाधन विभाग द्वारा राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मण्डल की 25वीं बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता खनिज संसाधन विभाग तथा मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद करेंगे। नवीन विश्राम भवन के कान्वेन्शन हॉल में प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगा।

अपने समर्थकों और परिजनों के साथ पहुंचे विधायक

# खुशवंत आए गुरु की वेशभूषा में, यादव के साथ संघ के नेता और राजेश सादगी से पहुंचे राजभवन

दो घंटे तक राजभवन की ओर जाने वाली सड़क रही जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में तीन भाजपा विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाने के दौरान कई दिलचस्प नजारे देखने को मिले। अपने समर्थकों के साथ पहुंचे विधायकों में गुरु खुशवंत साहेब गुरु की वेशभूषा में पगड़ी लगाकर पहुंचे थे। वहीं दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव संघ के नेताओं और समर्थकों के साथ राजभवन में शपथ लेने पहुंचे। राजेश अग्रवाल साधारण वेशभूषा में पहुंचे। राजभवन के बाहर उनके समर्थक भारी संख्या में मौजूद थे। उन्होंने उनके पहुंचने पर नारेबाजी भी की। उन्होंने अपने समर्थकों का अभिवादन करते हुए राजभवन में प्रवेश किया।

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने भाजपा के सभी विधायकों को आमंत्रण भेजा गया था। अधिकतर विधायक इस दौरान वहां पहुंच कर शपथ लेने वाले विधायकों को बधाई देते नजर आए। सुबह 10 बजे लोगों को आना शुरू हो गया था। राजभवन के बाहर कई समर्थकों के पास आमंत्रण पत्र न होने पर बाहर ही डटे रहे। अपने नेताओं के वापस आने पर जोरदार स्वागत किया। यहां सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए थे। सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक राजभवन के पास की सड़क पूरी तरह से जाम रही। यहां पर वाहनों की पार्किंग के लिए गुरु तेगबहादुर हाल के परिसर और पुराने पुलिस मुख्यालय के पास के परिसर को तय किया गया था। यहां से आने जाने वालों को लगभग दो घंटे तक परेशान होना पड़ा। मार्ग डायवर्ट कर लोगों को दूसरी रोड से भेजा गया।



**गजेंद्र यादव** जनता की आपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे

गजेंद्र यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, मुख्यमंत्री और संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह सम्मान पूरे दुर्ग शहर और क्षेत्र की जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा, वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी और मेहनत से कार्य करेंगे।



**गुरु खुशवंत साहेब** भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास

शपथ ग्रहण के बाद गुरु खुशवंत साहेब ने कहा, एक छोटे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए मैं केंद्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करता हूं। मैं सभी के विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा।



**राजेश अग्रवाल** प्रदेश का विकास प्राथमिकता

राजेश अग्रवाल ने शपथ ग्रहण के दौरान रोज की तरह आज भी सादे परिधान में राजभवन पहुंच कर शपथ ली। उनके साथ अंबिकापुर से आए कई कार्यकर्ता और उनके परिजन मौजूद रहे। शपथ के बाद उन्होंने कहा, छोटे से कार्यकर्ता पर पार्टी ने विश्वास कर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी, प्रदेश का विकास प्राथमिकता होगी। मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर हमारे केंद्रीय और प्रदेश के नेतृत्व ने विश्वास कर इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। इसके लिए उनका हृदय से आभार। हमारी प्राथमिक्ता छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश का विकास करने की रहेगी।

### इस क्रम में हुआ शपथ

राजभवन में राज्यपाल ने शपथ ग्रहण के दौरान सबसे पहले गजेंद्र यादव को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। दूसरे नंबर पर गुरु खुशवंत ने मंत्री पद की शपथ ली। सबसे अंत में राजेश अग्रवाल ने शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद राजभवन के बाहर समर्थक जमकर नारेबाजी करते रहे। यहां पर अन्य क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक भी पहुंचे थे।





### शपथ ग्रहण से पहले मंदिर में टेका मत्था

शपथ ग्रहण से पहले गजेंद्र यादव दुर्ग के विद्युत नगर स्थित गणेश मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार के साथ पूजा-अर्चना की और भगवान से आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने गजेंद्र यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने गजेंद्र यादव को बुके और मालाएं भेंट कर सम्मानित किया।

### खुशवंत का पूरा परिवार पहुंचा

शपथ ग्रहण समारोह में आरंग विधायक खुशवंत साहेब का पूरा परिवार राजभवन में मौजूद था। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने अपने परिवार वालों का आशीर्वाद लिया। साथ ही उनके आरंग क्षेत्र के कार्यकर्ता भी इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# मंत्रिमंडल के विस्तार पर बैज ने कहा- सरकार में बढ़ेगी कलह, वरिष्ठ विधायकों की हुई उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय मंत्रिमंडल का अंततः विस्तार हो गया, तीन नये मंत्री बनाये गये हैं। तीनों नये मंत्रियों को मैं बधाई और शुभकामनायें देता हूं। उन्होंने कहा, किसे मंत्री बनाना है, यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार होता है, लेकिन छत्तीसगढ़ में



ऐसा नहीं हुआ, बनाये गये तीनों मंत्रियों में से कोई भी मुख्यमंत्री के पसंद का नहीं है। एक मंत्री अडानी की पसंद पर, एक मंत्री संघ की पसंद पर, एक मंत्री विधानसभा चुनाव के समय की गयी राजनैतिक सौदेबाजी के कारण बनाये गये। कुल मिलाकर साय मंत्रिमंडल के विस्तार में साय की ही नहीं चली।

### वरिष्ठ विधायकों की उपेक्षा

उन्होंने कहा, अभी तक छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री को मिलाकर कुल 13 सदस्यीय मंत्रिमंडल होता रहा है। इस बार परंपरा को तोड़कर 14 सदस्यीय मंत्रिमंडल हो गया है। एक मंत्री की संख्या बढ़ाने के बाद भी आधा दर्जन से अधिक भाजपा के वरिष्ठ विधायक असंतुष्ट हैं। वरिष्ठता और अनुभव तथा जनाधार भाजपा में गुनाह हो गया है, चार-पांच-छह बार के विधायकों की उपेक्षा हो रही है।

### सीनियर्स की नाराजगी का कांग्रेस को फायदा मिलेगा : महंत



साय मंत्रिमंडल विस्तार पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, बीजेपी के सीनियर लोग जिस ढंग से अपना गुस्सा दिखा रहे हैं, उनकी जो नाराजगी है, अब वह भी बढ़ेगी, तो उसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा। अगली बार बीजेपी के सीनियर लीडर्स के रोष के कारण भी कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होगी।

### भूपेश ने पूछा- सरकार को 14 मंत्री बनाने की कब मिली अनुमति

मुख्यमंत्री साय के मंत्रिमंडल में 14 मंत्रियों की नियुक्ति को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कानून का उल्लंघन बताते हुए सवाल उठाया है कि क्या सरकार को इतनी बड़ी मंत्रिपरिषद बनाने की अनुमति मिली थी। इसको लेकर उन्होंने सीएम साय से जवाब भी मांगा है।



उन्होंने 14 मंत्रियों की संख्या पर सवाल उठाते हुए कहा, 2003 में बने कानून के मुताबिक विधानसभा सदस्यों की संख्या में 15 प्रतिशत तक ही मंत्री बन सकते हैं। जब 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी थी, तो मैंने भारत सरकार को पत्र लिखा था। मंत्रियों की संख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने की मांग की गई थी। इसके पीछे छत्तीसगढ़ का भौगोलिक रूप से बड़ा होना और विधानसभा परिषद न होने का तर्क दिया था, लेकिन पत्र का कोई जवाब नहीं आया और न ही अनुमति मिली। ऐसे में अब सवाल उठ रहा कि साय सरकार को अनुमति कब मिली? बिना अनुमति अगर 14 मंत्री बनाए गए, तो यह अवैधानिक है।

# देवलाल का पलटवार, कहा- बैज केवल कांग्रेस की चिंता करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने प्रदेश मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर कांग्रेस के पेट में उठ रही मरोड़ पर कटाक्ष करते हुए कहा, भाजपा में अंतर्कलह और प्रदेश सरकार की उल्टी गिनती शुरू होने की कपोल कल्पना करके भाजपा के आंगन में ताक झांक करने की अपनी लत से कांग्रेस बाज नहीं आ रही है। उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा की गई टिप्पणी पर तीखा पलटवार कर कहा, कांग्रेस के लोग अपनी पार्टी के घमासान को तो थाम नहीं पा रहे हैं, उनको अपनी पार्टी की ज्यादा चिंता करनी चाहिए।

उन्होंने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पहले अपनी और अपनी कांग्रेस के चरमराते संगठन की फिक्र करनी चाहिए। कांग्रेस में अब कोई किसी की सुनने को तैयार ही नहीं है। खुद बैज तो



दो साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी अपनी प्रदेश कार्यकारिणी तक नहीं बना पाए हैं और उधार की पुरानी कार्यकारिणी से काम चलाने को विवश हैं। कांग्रेस में जो सत्ता से लेकर संगठन तक भ्रष्टाचार व्याप्त है, वही कांग्रेस की अंतर्कलह का बड़ा कारण है। सत्ता में रहकर कांग्रेसी खाली छत्तीसगढ़ को लूटते रहे और इसके कारण आज अंतर्कलह सामने दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, भाजपा के वरिष्ठ विधायकों की फिक्र में दुबले हुए जा रहे बैज पहले कांग्रेस में अपनी उपेक्षा से तो स्वयं को उबार लें।

### बैल दौड़ स्पर्धा के लिए हुई बैठक पदाधिकारियों को सौंपा दायित्व



**रायपुर।** पोला पर्व के अवसर पर कृष्ण मित्र फाउंडेशन की ओर से 23 अगस्त को दोपहर 3 बजे से बैल दौड़, बैल सजाओ प्रतियोगिता एवं किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को कृष्ण मित्र फाउंडेशन की बैठक होगी। बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारी को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी दी गई, जिसके तहत जल व्यवस्था जोहतराम सोनकर, जय सोनकर, साफ-सफाई व्यवस्था राजा धनगर रतन, मंच व्यवस्था गोवर्धन झंवर, धन्नू लाल देवांगन, मंच संचालन मनमोहन ठाकुर, माधव यादव को दिया गया है। यह जानकारी फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव लाल यादव ने देते हुए बताया कि अतिथि स्वागत के लिए संजय चंद्राकर, विजय पाल, विजय डागा, बैल सजावट निर्णायक मंडल डॉ. मनोज ठाकुर, सुभाष बुंदेल, छोटेलाल धनगर, हरिराम सेन और दौड़ प्रतियोगिता निर्णायक मंडल सनत साहू, अमरनाथ साहू, चंदरतन साहू, राजू यादव को दायित्व दिया गया।

# रजत जयंती वर्ष : 19 से 25 सितंबर तक निकायों में विशेष सप्ताह का आयोजन, होंगे कई कार्यक्रम

राज्य के सभी नगरीय निकायों में होंगे आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर राज्य के सभी नगरीय निकायों में 19 से 25 सितंबर कर विशेष सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने इस संबंध में राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायत को इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं।

इस संबंध में संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि विशेष सप्ताह का आयोजन निकाय स्तर पर करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्था,, गणमान्य नागरिकों, निजी संस्थाओं, व्यापारिक संस्थाओं, पेशेवर संघो तथा स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता रखी जाए।

### ये आयोजन किए जाएंगे

विशेष सप्ताह के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम की शुरुआत 19 सितंबर को स्वच्छता में जनभागीदारी से होगी। शहर के तीर्थ स्थलों, शहीद स्मारकों, मुख्य चौक चौराहों में नागरिकों की सहभागिता के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद 20 तारीख को जीवीपी की स्वच्छता के लिए अभियान चलाया जाएगा। 21 को स्वच्छ वाटिका के आयोजन में वृक्षारोपण किया जाएगा। 22 को स्वच्छता शपथ दिलाई जाएगी तथा स्वच्छता त्यौहार मनाया जाएगा। 23 को स्वच्छ शहर का आयोजन होगा। 24 को सफाई मित्र स्वास्थ्य शिविर, 25 को शहर समागम एवं स्वच्छता संवाद होगा। 26 तारीख को स्वच्छ सांस्कृतिक महोत्सव के साथ विशेष सप्ताह का समापन होगा।

# कर्मचारियों का कल से आंदोलन, पहले चरण में कलमबंद फिर बेमुद्दत हड़ताल, राजपत्रित अधिकारियों का भी समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक एक बार फिर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। क्रमबद्ध रूप से होने वाले आंदोलन के तहत 22 अगस्त को राज्यभर में कलमबंद हड़ताल होगी। इसके बाद भी अगर मांग नहीं मानी गई, तो अक्टूबर से बेमुद्दत हड़ताल होगी। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के इस आह्वान को राजपत्रित अधिकारियों के संगठन का भी समर्थन मिल गया है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेशभर में कर्मचारी हितों को लेकर व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है। केंद्र सरकार की मोदी की गारंटी को लेकर कर्मचारियों में भारी असंतोष है। फेडरेशन द्वारा घोषित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की जमीन तैयार हो चुकी है । फेडरेशन के आह्वान पर 22 अगस्त को काम बंद, कलम बंद आंदोलन को प्रदेशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा है। फेडरेशन 30 अक्टूबर 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर सकता है।

### इसलिए कर रहे हैं आंदोलन

राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने बताया कि कई वर्षों से कर्मचारी वर्ग अपनी जायज मांगों को लेकर ज्ञापन, पत्राचार और शांतिपूर्ण विरोध करता आ रहा है, लेकिन सरकार की ओर से सकारात्मक पहल नहीं हुई है। ऐसे में अब कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। प्रांतीय बैठक में अविनाश तिवारी, नंदलाल चौधरी, दिलदार सिंह मरावी, पूषण साहू, युगल वर्मा, ईश्वरी साहू, के के ध्रुव, एस के साहू, सुनील उपाध्याय,श्रीमती मीनू दास, नीरज शाह, राजेश गुप्ता, आर डी मेहरा सहित भारी संख्या में राजपत्रित अधिकारी उपस्थिति रहे।

### राजपत्रित अधिकारी भी आए साथ

इस आंदोलन के सिलसिले में छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ की आपात बैठक इंद्रावती भवन में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने अधिकारियों को आंदोलन की रणनीति, मांगों की वैधता और सरकार की उदासीनता से अवगत कराते हुए आंदोलन को प्रदेशभर में सफल बनाने का आह्वान किया। इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने विभागाध्यक्ष कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों को जिला, ब्लॉक स्तर तक कार्यरत अधिकारियों को आंदोलन में शामिल होने के लिए ठोस रणनीति बनाने के लिए सुझाव दिया। बैठक में विभागों के अधिकारियों ने बताया कि सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एकजुट होकर आंदोलन में भागीदारी के लिए लामबंद हो रहे हैं।

### ये है फेडरेशन की प्रमुख मांग

केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू किया जाए। डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिया जाए। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दी जाए। अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण किया जाए। प्रदेश में कैशलेश सुविधा लागू हो। अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिवस की जाए। दैनिक, अनियमित,संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बने। सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जावे।










संकलनकर्ता- डागेश यादव, हरिभूमि व INH NEWS पत्रकार, मो. 9575833192



## सिटी इवेंट

### भगवान शिव ने एकादश रुद्र के रूप में धारण किया था हनुमान स्वरूप



**रायपुर।** शिव और विष्णु में कोई भेद नहीं है, जो शिव और विष्णु में भेद करता है, वह मंदमति व अल्पबुद्धि माना जाता है। शास्त्र का ज्ञान न होने के कारण लोगों के मन में भेद आ जाता है, जो उनके पतन का कारण बनता है। वास्तव में दोनों में कोई भी भेद नहीं है, तात्विक दृष्टि से इन दोनों को हरिहर के नाम से जाना जाता है। एक का नाम हर अर्थात शंकर, दूसरा का नाम हरि अर्थात विष्णु है। शिव के परम उपासक विष्णु और भगवान विष्णु के परम उपासक शिव हैं। रामेश्वर में शिव की स्थापना करके यह सिद्ध किया है कि शिवजी की उपासना करके ही चक्र सुदर्शन प्राप्त किया। भगवान शिव राम की उपासना करते हैं और भगवान शिव ही एकादश रुद्र के रूप में हनुमान बनकर आए। बोरियाकला स्थित श्री शंकराचार्य आश्रम में जारी शिव पुराण में यह बात डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज ने कथा श्रोताओं के बीच बुधवार को कही।

#### तुम्हारे ऋण से कभी मुक्त नहीं हो सकता

महाराज ने शिव पुराण की कथा को रेखांकित करते हुए बताया कि अपने आराध्य भगवान नारायण जो दशरथ पुत्र राम के रूप में अवतरित हुए। हनुमान की सेवा से प्रसन्न होकर भगवान राम ने यही कहा कि है 'हे कपि मैं तुम्हारे ऋण से कभी मुक्त नहीं हो सकता हूं।' भगवान राम भी ऋणी है हनुमान के। कथा के पूर्व शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने भगवान शिव का पूजन और आरती संपन्न करते हुए जगद्गुरुकुल के छात्रों और आचार्यों ने वैदिक मंगलाचरण किया। इसमें भारी तादाद में कथा श्रोता भी सपरिवार शामिल हुए।

### रानी सती में लगेगा भादो अमावस्या मेला

राजातालाब के श्रीरानी सती मंदिर में 22 और 23 अगस्त को 49वां भादो अमावस्या मेला सजेगा। समिति के अध्यक्ष किशोर ड्रोलिया ने बताया कि इस बार की तैयारी विशेष रूप से आकर्षक और भव्य है। कोलकाता से आए 11 अनुभवी सजावट कलाकारों द्वारा 31,000 सुनहरे एवं रजत छत्र लगाए जा रहे हैं। प्रचार- प्रसार प्रभारी कैलाश अग्रवाल ने बताया कि मंदिर के विभिन्न देवालयों में भी विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

## समाज इवेंट

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने क्वीन्स लर्निंग हब, सिखा रही सिलाई और पार्लर



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर क्वीन्स ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'क्वीन्स लर्निंग हब' में सिलाई एवं ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण देना शुरू किया है। दो माह तक चलने वाला यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बेटियों को स्वावलंबी बनाकर अपने परिवार के जीवन को नई दिशा देने योग्य बनना है। इसमें 25 महिलाएं सिलाई प्रशिक्षण एवं 12 बालिकाएं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के लिए नामांकित हैं। इसमें 20 प्रशिक्षक सभी प्रतिभागियों को ट्रेनिंग देंगे। अध्यक्ष रोटेरियन दीपिंदर कौर ने बताया कि पाठ्यक्रम के अंत में बेस्ट पांच प्रतिभागियों को सिलाई मशीन एवं पार्लर किट दिया जाएगा। इससे प्रतिभागी घर पर काम प्रारंभ करते हुए आजीविका चला सकें। इसके साथ ही 40 से अधिक क्वीन्स सहभागिता ने क्लब की एकता और नारी सशक्तीकरण के लिए संकल्प लिया।

#### रोटरी क्लब ऐलिगेंस आज मेकअप का सिखाएंगे

रोटरी क्लब ऐलिगेंस द्वारा गुरुवार को रिंग रोड स्थित आइवी होटल में एक विशेष लाइव मेकअप वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। यह दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें महिलाओं के लिए मेकअप की बारीकियों पर खास प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्कशॉप में मेकअप आर्टिस्ट श्वेता और तनु ब्राइडल, पार्टी और कैजुअल जैसे अलग-अलग अवसरों के लिए मेकअप के ट्रेंड्स और स्टाइल्स के बारे में बताएंगी। लाइव डेमोंस्ट्रेशन के जरिए महिलाओं को फेस टोन, कलर कॉम्बिनेशन और थीम-बेस्ड मेकअप टिप्स दिए जाएंगे। इस मौके पर प्रतिभागियों के लिए एक विशेष ड्रेस कोड रखा गया है, जिसके अंतर्गत महिलाओं को पिंक और पर्पल थीम के परिधान पहनकर शामिल होना है।

## सोशल इवेंट

### मित्रता कैसे निभाई जाए यह कृष्ण-सुदामा से समझ सकते हैं : आचार्य शास्त्री महाराज



**रायपुर।** कुशालपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। विगत सात दिनों से चंद्रशेखर शर्मा एवं समस्त शर्मा परिवार के शुभ संकल्प से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ चल रहा है। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर बुधवार को कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण और सुदामाजी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे।

#### भगवान श्रीकृष्ण ने अपने राज सिंहासन पर बैठाया

सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भाग। सामने सखा सुदामा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया-कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब -जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है, प्रभु उनका तारण करने अवश्य आते हैं।

### शहर के यूथ, कॉलेज और आफिस से जुड़ी वुमन्स फैशन के बाजार में तलाश रहे अपना फ्लेवर और स्टाइल

# ब्रांडेड प्रोडक्ट की फस्ट कॉपी में स्टाइलिश जूते और गॉगल्स यूथ की पसंद, वुमन्स में सैंडल, बैग, हेयर एक्सेसरीज का बढ़ा क्रेज

*इन दिनों यूथ डिजाइनर और स्टाइलिश लुक के लिए ब्रांडेड प्रोडक्ट को खरीदना पसंद करने लगे हैं। ऐसे में दुकान संचालक लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए ब्रांडेड कंपनियों के प्रोडक्ट की फस्ट कॉपी को कम कीमत में दुकानों में ही उपलब्ध करवा रहे हैं। पसंद और बजट फ्रेंडली प्रोडक्ट्स की ओर बढ़ने के साथ ही यूथ ही नहीं, वुमन्स भी फैशनेबल प्रोडक्ट को खरीदना ज्यादा पसंद करने लगे हैं। इनमें स्टाइलिस्ट जूते और गॉगल्स यूथ की पसंद तो वुमन्स को सैंडल, बैग, हेयर एक्सेसरीज को लेकर क्रेज बढ़ा है।*



**रायपुर।** शहर में हाई प्रोफाइल प्राइवेट कॉलेज और कमर्शियल ऑफिसों का जाल बिछने लगा है। ऐसे में दूसरे शहरों से आने वाले लोगों और बदलते फैशन के ट्रेड को बैलेंस करने के लिए शॉप संचालक भी अपग्रेड हैं। युवाओं के बीच स्टाइलिश, लेकिन बजट-फ्रेंडली फैशन प्रोडक्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही हैं। इनमें जूते, सैंडल, बैग, गॉगल और हेयर एक्सेसरीज़ भी शामिल हैं। बाजारों में कम कीमत में भी आकर्षक डिजाइनर प्रोडक्ट की डिमांड है। गोलबाजार, लाखेनगर, शंकर नगर, मोवा, शास्त्री चौक और मॉल एरिया जैसे भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में शॉप संचालक युवाओं में चल रहे ट्रेंड के नए और बजट फ्रेंडली प्रोडक्ट्स रखना शुरू कर दिया है। इन दिनों फेस्टिवल सीजन को देखते हुए महिलाओं के बीच हैंडमेड बैग्स की मांग तेजी से बढ़ी है। खासकर कॉलेज और कामकाजी महिलाएं पारंपरिक और यूनिक डिजाइन के बैग्स को प्राथमिकता दे रही हैं। दुकानदार दिल्ली, मुंबई, आगरा और कोलकाता जैसे बड़े शहरों से प्रोडक्ट मंगवा रहे हैं।

#### पोटली बैग बना फेस्टिवल शॉपिंग का ट्रेंड

फेस्टिवल सीजन की शुरुआत होते ही शहर के बाजारों में हैंडमेड बैग्स और पोटली का क्रेज बढ़ गया है। फेस्टिवल सीजन को देखते दुकानों में पारंपरिक पोटली बैग्स की भी भारी मांग बढ़ गई है। दुकान संचालक निधि गिडवानी ने बताया पोटली बैग्स को जरी वर्क, मोती, स्टोन, गोटा और पल्स वर्क जैसी पारंपरिक सजावट के साथ तैयार किया जा रहा। कई बैग्स को ड्रेस फ्रैब्रिक के अनुसार भी बनाया जाता है। इसकी कीमत 500 रुपए से शुरू होकर 4-5 हजार तय की गई है।



#### शॉर्ट हेयर स्टाइल के साथ स्टाइलिश हेयर एक्सेसरीज़ का क्रेज

गोलबाजार स्थित दुकान संचालक राकेश अग्रवाल ने बताया कि इन दिनों कॉलेज गोइंग यूथ शॉट हेयर रखना पसंद करती हैं। ऐसे में स्टाइलिश हेयर एक्सेसरीज़ मुंबई, दिल्ली से मंगाया गया है। इनमें हेयर पिन, हेयर बैंड और क्लचर शामिल हैं। जो शॉर्ट हेयर पर सूट करते हैं। इनमें स्टोन, मोती और पल्स से बनी एक्सेसरीज की ज्यादा मांग है, जिसकी कीमत 50 से 200 रुपए तक तय की गई हैं।

#### कॉलेज और वर्किंग महिलाओं के लिए पर्सनलाइज्ड हैंडमेड बैग्स



कॉलेज और ऑफिस जाने वाली महिलाएं अब आम बैग्स की जगह यूनिक लुक वाले पर्सनलाइज्ड हैंडमेड बैग्स पसंद कर रही हैं, जो उनके स्टाइल स्टेटस को न सिर्फ बेहतर बनाते हैं, बल्कि उपयोगिता के लिहाज से भी कारगर हैं। मोवा स्थित दुकान संचालक निधि गिडवानी ने बताया कि दुकान में कॉलेज और ऑफिस यूज़ के हैंडमेड कस्टमाइज बैग्स तैयार किया जाता है। वे बैग्स खरीदारों के मनपसंद फैब्रिक, डिजाइन और रंग के अनुसार तैयार किया जाता है, जिसे अन्य बैग्स से खास बनाने नाम भी लिखा जाता है। ऐसे में इन बैग्स की कीमत 1200 से 3 हजार तय की गई।



#### स्टाइलिश लुक के लिए ब्रांडेड कंपनियों की फर्स्ट कॉपी प्रोडक्ट्स की मांग

शहर के युवा अब कम कीमत में ब्रांडेड लुक के लिए फर्स्ट कॉपी प्रोडक्ट्स खरीद रहे हैं। इनमें गॉगल्स, शूज और वॉच जैसे प्रोडक्ट की डिमांड लगातार बढ़ रही। वीआईपी रोड स्थित दुकान संचालक तृप्ति रॉय ने बताया कि दुकान में आगरा से मंगाए गए स्टाइलिश प्रोडक्ट्स सस्ते दामों में उपलब्ध हैं। जिन्हें कॉलेज यूथ से लेकर वर्किंग प्रोफेशनल्स भी खरीद रहे। यहां लड़कों के लिए ब्रांडेड कंपनियों के फर्स्ट कॉपी गॉगल, शूज और वॉच सेल किए जा रहे हैं। जो सामान ओरिजिनल ब्रांड में 17,000 से 20,000 में मिलता है, वही फर्स्ट कॉपी प्रोडक्ट 2 से 3 हजार के बीच उपलब्ध हो रहा है। यह प्रोडक्ट्स कॉलेज, बिजनेसमैन और वर्किंग यूथ को पसंद आ रहे हैं, जो कम दाम में ट्रेंडी और ब्रांडेड लुक चाहते हैं।

## मॉडलिंग का सीखा गुर और आत्म विश्वास से रैम्प वॉक करते हुए बिखेरा फैशन का जलवा



**रायपुर।** महिला सशक्तीकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए गुरुकुल महिला कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा नेशनल वीमेन हेल्पलाइन एवं नेशनल सोशल इकोनॉमिक डेवलपमेंट प्रोजेक्ट फॉर वीमेन ने अनूठी पहल की गई। दो दिवसीय एनजीओ मैनेजमेंट ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट कैंप का समापन समारोह बुधवार को गुरुकुल प्रेक्षागृह में हुआ। जहां आयोजन का उत्साह देखने लायक था। प्रशिक्षार्थियों को व्यक्तित्व एवं कौशल विकास सिखाने के बाद एक्सपर्ट के सामने रैम्प वॉक का अवसर दिया गया। स्वदेशी पहनावे में छात्राओं ने प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यान में रखते हुए आत्मविश्वास के साथ रैम्प वॉक किया। कार्यशाला के सफल समापन में फैशन शो एवं रैम्प वॉक में कॉलेज की पूर्व छात्रा अनामिका वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रही। वर्तमान में वह शहर की चर्चित मॉडल्स में भी शामिल है।

#### एनजीओ बनाने एवं संचालन का भी दिया गया प्रशिक्षण

इससे पहले मॉडल अनामिका ने छात्राओं को इस फील्ड में कॅरियर के ऑप्शंस की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आत्म विश्वास ही ऐसा गुण है, जो फैशन इंडस्ट्री में सफलता के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। प्रशिक्षक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण व कार्यशाला नेक्स्ट जनरेशन एजुकेशन है। क्योंकि, वर्तमान में ट्रेडिशनल के साथ-साथ नेक्स्ट जनरेशन एजुकेशन भी बहुत जरूरी है। इस दो दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षार्थियों को एनजीओ बनाने एवं इसके संचालन, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, फंडिंग, कानूनी पहलू और टीम बिल्डिंग पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षार्थियों को बायलॉज, मीटिंग का मिनट्स एवं अन्य अभिलेखों के संधारण आदि भी सिखाया गया।

#### वुमन लीडर का दिया गया प्रमाण पत्र

कॉलेज की प्राचार्या को नेशनल वुमेन हेल्पलाइन की ओर से नेक्स्ट जनरेशन वुमन लीडर का प्रमाण पत्र दिया गया। शासी निकाय के अध्यक्ष अजय तिवारी, प्राचार्य डॉ. संध्या गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. वंदना अग्रवाल, डॉ. सिमरन आर. वर्मा, डॉ. सुनील सिंह, उमेश कुमार की उपस्थिति में प्राध्यापकों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस सफल प्रोग्राम का संचालन डॉ. सिमरन आर. वर्मा ने किया। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के प्रयास से महिलाओं को आगे बढ़ने और आत्म निर्भर बढ़ाने के लिए मददगार बताया।

## कहानी-किस्से और कविताओं की रही गूंज, रजत महोत्सव के मंच पर साहित्यकारों की टोली

**रायपुर।** 'कोख में मारोगे बेटी को, तो खुशी कहां से पाओगे...कोख में मारोगे बेटी को, तो खुशी कहां से पाओगे, जनम न लेगी बेटी तो मां कैसे कह पाओगे। बहन नहीं होगी तो फिर सुना होगा रक्षाबंधन, नवरात्र के पूजन में तब किसको भोज कराओगे।' नारीशक्ति को समर्पित यह कविता नवोदित कवि भव्या सूर्या ने छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत टाउन हॉल में आयोजित कवि सम्मेलन में पढ़ी। वहीं, कवि सुनंदा शर्मा ने 'बोरे बासी संग अड़बड़ मिठाथे पताल चटनी, पताल चटनी वो मोर गांव के कमाल चटनी...' कविता का पाठ कर कविता प्रेमियों का दिल जीत लिया। छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 25 वर्ष पर रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत शास्त्री चौक स्थित टाउन हॉल में विविध सांस्कृतिक आयोजन हुए। इसमें कवि सम्मेलन, साहित्य संगोष्ठी, कहानी- किस्से, सांस्कृतिक, स्वच्छता एवं सामाजिक सेवा, हेल्थ टिप्स योग से जुड़े आयोजन हुआ। इसमें फिट रायपुर हेल्थ टिप्स योग कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में ज्योति साहू ने दर्शकों को योग व हेल्थ टिप्स दिए। वहीं, साहित्य संगोष्ठी में उपन्यासकार संजीव बक्शी व लेखक डॉ. चितरंजन कर ने शिरकत किया।





इसके अलावा कहानी- किस्से, सांस्कृतिक, स्वच्छता एवं सामाजिक सेवा सत्र में अरविंद मिश्रा, आशीष ठाकुर, मनोज वर्मा फिल्म निर्देशक शामिल हुए। कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर, रामेश्वर वैष्णव, भरत द्विवेदी, मयंक शर्मा सहित नवोदित कवियों ने मंच पर छत्तीसगढ़ की वीरगाथा से जुड़ी कविताओं का पाठ किया। रजत महोत्सव आयोजन के छठवें दिन पूरा टाउन हॉल कहानी-किस्से और कविताओं से गूंज उठा।

#### रजत महोत्सव को लेकर उत्साह

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के मंच पर आयोजित हो रहे सांस्कृतिक-साहित्यिक से जुड़े कार्यक्रम में कला प्रेमियों, युवाओं, आम नागरिकों का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में दर्शक व श्रोतागण नाट्य मंचन, कविता पाठ, नृत्य, वाद्ययंत्र वादन, चित्रकारी, साहित्यिक कहानी-किस्से सुनने-देखने पहुंच रहे हैं। कलाप्रेमी बुधवार को टाउन हाल में दोपहर 3 बजे से देर रात 8.30 बजे तक विविध आयोजनों का लुफ्त उठाने जुटे रहे।

#### छत्तीसगढ़ नाम 36 गढ़ों के आधार पर पड़ा

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत किस्से-कहानियों में रायपुर विषय पर शहर के टाउनहॉल में संगोष्ठी हुई। इसमें उपन्यासकार संजीव बक्शी व लेखक डॉ. चितरंजन कर ने रायपुर के मोहल्लों से राजधानी बनने तक के सफर पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि पुराने रायपुर में 300 तालाब और मात्र 25-30 हजार की आबादी थी। छत्तीसगढ़ नाम 13वीं-14वीं शताब्दी में 36 गढ़ों के आधार पर पड़ा। कार्यक्रम में शहर के इतिहास, ग्रामीण न्याय व्यवस्था, डीके हॉस्पिटल, गुरु घासीदास संग्रहालय व विविध ऐतिहासिक धरोहरों पर सारगर्भित चर्चा ने इतिहास प्रेमियों, श्रोताओं का ज्ञानवर्धन किया।

### मराठी, गुजराती, मारवाड़ी, राजस्थानी, पंजाबी, छत्तीसगढ़ी और बिहारी संस्कृति के तीज पर्व

कार्नर न्यूज

# भितरी में खुसर के संगी, ठेठरी-खुरमी बनावत हे... लोक गीत में झूमी महिलाएं, सजा तीज महोत्सव

**रायपुर।** तीजा पोरा के दिन ह आगे, सबो बहिनी सकलावत हे...भितरी में खुसर के संगी, ठेठरी खुरमी बनावत हे...। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोकगीत की सामूहिक प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान केंद्रित किया। मंच पर महिलाओं ने प्रत्येक राज्यों के पारंपरिक पोशाक और लोकगीत के साथ तीज पर्व की महत्ता का बखान किया। यह अवसर तीज महोत्सव का रहा, जहां शक्ति छत्तीसगढ़ विप्र महिला समाज व विप्र भवन प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।



#### विभिन्न राज्यों की लोकगीत पर थिरकी महिलाएं

तीज पर्व से पहले सामाजिक स्तर पर भव्य रूप से महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत, नृत्य प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर मराठी, गुजराती, मारवाड़ी, राजस्थानी, पंजाबी, छत्तीसगढ़ी और बिहारी संस्कृति के तीज पर्व के महत्व को बताया गया। जहां दुर्ग, भिलाई, बलौदाबाजार, धमतरी, बिलासपुर और रायपुर शहर की महिलाएं एकत्रित हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रीति शुक्ला ने की। इस मौके पर एकल नृत्य की प्रस्तुति में अनुपमा, कल्पना, मुस्कान, स्वाति पांडे, ऋचा, नंदिता और सामूहिक नृत्य में निशा, पूर्णिमा तिवारी, सिमरन, शिवी शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान मीनाक्षी तिवारी, ज्ञानेश शर्मा, नरेन्द्र तिवारी, अविनाश शुक्ला ने संचालन किया।



#### नारी शक्ति और सांस्कृतिक एकता का संदेश

कार्यक्रम का आयोजन विप्र भवन में किया गया, जहां समाज की 200 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर रैंप वॉक और गेम्स भी रखा गया, जिसमें गाने के आधार पर वस्तुओं को चयन करना था। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने भारतीय संस्कृति को सहेजने और विभिन्न राज्यों में होने वाल तीज पर्व को दर्शाया है। साथ ही समाज में नारी शक्ति, एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी सुंदर संदेश महिलाओं ने प्रस्तुत किया।

## निधन

### रूबी बानी



रायपुर। शैलेंद्र नगर निवासी रूबी बानी (42) का 19 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 अगस्त को मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे निखिल बानी की पत्नी, सुरेश बानी की बहू, चरणजीत सिंह सलूजा की बहन और हरचरण सिंह सलूजा की सुपुत्री थीं।

### सुधीर कुमार मिश्रा



रायपुर। मुंगेली के ग्राम लिम्हा निवासी रिटायर्ड चीफ इंजीनियर सुधीर कुमार मिश्रा (78) का 20 अगस्त को नई दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके गृह ग्राम में किया जाएगा। वे धीरेन्द्र मिश्रा, आदित्य मिश्रा के बड़े भाई और सौरभ मिश्रा, रूपाली बेहार, आकांक्षा पांडे के पिता थे।

### इंदु भूषण शर्मा



रायपुर। सिमगा निवासी इंदु भूषण शर्मा रवेली वाले (63) का 20 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सिमगा में शिवनाथ के किनारे किया गया। वे वीना शर्मा के पति एवं सृष्टि, श्रृंखला के पिता थे।

### प्रिंस देवांगन

रायपुर। गुढ़ियारी निवासी प्रिंस देवांगन (13) का 20 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे देवांगन समाज के वरिष्ठ सदस्य गजेंद्र देवांगन के पुत्र थे।

# झमाझम बारिश के बाद आगे बढ़ी द्रोणिका, अगस्त का कोटा पूरा होने में इस बार संशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी समेत रायपुर जिले और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश के बाद द्रोणिका मध्यप्रदेश की तरफ बढ़ गई है। बीस दिन में रायपुर में केवल 108 मिमी. वर्षा हुई है और अगले दस दिन में 334 मिमी. का कोटा पूरा होने में संशय है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर अच्छी बारिश हुई और सबसे ज्यादा 70 मिमी. गोबरा नवापारा में दर्ज की गई है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदेश में जुलाई-अगस्त बारिश का पीक मौसम माना जाता है। जुलाई में तो अच्छी बारिश हुई, मगर अगस्त में सूखे जैसी स्थिति बन गई है। बीते बीस दिन में प्रदेश में 158 मिमी. बारिश हुई है, जो औसत का आधा भी नहीं है। कुछ ऐसा हाल रायपुर जिले का भी है। यहां भी बीते 20 दिनों में केवल 108 मिमी. पानी गिरा है, जो औसत 334 मिमी. का आधा भी नहीं है। अब अगले 10 दिनों में 226 मिमी. बारिश होने पर संशय की स्थिति बनी हुई है। इतनी बरसात के लिए कम से कम दो ताकतवर सिस्टम की आवश्यकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी राज्य में एक दो स्थानों पर ही ज्यादा पानी गिरने की संभावना है। बाकी स्थानों में हल्की बारिश हो सकती है। राज्य में व्यापक बारिश के लिए बंगाल की खाड़ी में तगड़ा सिस्टम बनने तक इंतजार करना होगा। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर जिले समेत कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल में 8-8, गोबरा-नवापारा, गुंडरदेही में 7-7, अर्जुंदा, पाटन, कांकेर, अभनपुर, में 6-6, थान खम्हरिया, राजिम, कुरुद, नगरी, मगरलोड, मंदिर हसौद, भिलाई में 5-5 सेमी. बारिश हुई।

## रायपुर जिले में अच्छी वर्षा, सबसे अधिक गोबरा-नवापारा में 70 मिमी.

### दिनभर छाए रहे बादल पर बरसे नहीं

सुबह तक बारिश की वजह से बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। दिनभर बादल छाए रहे, जिससे बारिश होने का अनुमान था, मगर ऐसा नहीं हुआ। बिलासपुर, पेंड्रा में छिटपुट बारिश हुई। अगले चौबीस घंटे में थोड़ा पानी सरगुजा संभाग के जिलों में बरसने की उम्मीद है।



**रायपुर में अगस्त की मासिक वर्षा**

| वर्ष | मिमी. |
|---|---|
| 2015 | 426.9 |
| 2016 | 229.3 |
| 2017 | 199.7 |
| 2018 | 448.3 |
| 2019 | 302.7 |
| 2020 | 448.6 |
| 2021 | 124.7 |
| 2022 | 426.9 |
| 2023 | 278.7 |
| 2024 | 340.1 |
| 2025 | 108 मिमी. |

(20 अगस्त की स्थिति में )

### छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने छात्रा को जाति प्रमाण पत्र नहीं देने के प्रकरण में की सुनवाई

# पटवारी-कोटवार को निलंबित करने सरपंच को पद से हटाने की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने एक प्रकरण में गांव के कोटवार एवं पटवारी को निलंबित करने तथा सरंपच को पद से हटाए जाने की अनुशंसा की है। इस प्रकरण में नीट की परीक्षा पास कर चुकी एक छात्रा ने आरोप लगाया था कि उसे 439 अंक प्राप्त हुए हैं, जिसके बाद वह मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लेना चाहती है। इसके लिए उसे जाति प्रमाणपत्र की जरूरत है। इसके लिए वह आवेदन करना चाहती है, लेकिन उसके गांव के सरपंच, कोटवार एवं पटवारी इसमें रुकावट डाल रहे हैं। इसके कारण उसका जाति प्रमाणपत्र बन नहीं पा रहा है। आयोग ने इस प्रकरण में सुनवाई कर कोटवार एवं पटवारी को निलंबित करने तथा सरपंच को पद से हटाए जाने के लिए महासमुंद कलेक्टर को अनुशंसा पत्र लिखा है।



### एक सप्ताह में जाति-प्रमाणपत्र जारी करने कलेक्टर को पत्र

इस प्रकरण में आयोग ने कलेक्टर को पत्र लिखकर छात्रा को एक सप्ताह के भीतर जाति प्रमाणपत्र जारी कराने की अनुशंसा भी की है। आयोग ने इस पत्र में उल्लेख किया है कि अनावेदकों की बदमाशी की वजह से आवेदिका 2024 में भी नीट की परीक्षा पास करने के बावजूद एमबीबीएस शिक्षा के लिए नहीं जा सकी। आयोग अब इस प्रकरण में कलेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगा।

**पटवारी ने वंशावली में हस्ताक्षर करने से किया इनकार** : आयोग में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता छात्रा ने बताया कि पटवारी हल्का नं. 23 ने उसके स्व. पिता को वंशावली बनाकर देने से इनकार किया है, वहीं गांव के सरपंच पूर्व में वंशावली में हस्ताक्षर कर चुके हैं, लेकिन अब पटवारी और कोटवार के साथ मिलकर जाति प्रमाणपत्र बनाने में रुकावट डाल रहे हैं।

### कैंसर पीड़ित पत्नी को दहेज का सारा सामान लौटाएगा पति

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक अन्य प्रकरण में एक लंग्स कैंसर पीड़ित महिला ने अपने पति पर उसके इलाज एवं भरण-पोषण के लिए राशि नहीं देने का आरोप लगाया। इस प्रकरण में आवेदिका के भाई ने अनुरोध किया है कि शादी में उसकी बहन जो भी सामान दहेज में लेकर ससुराल गई थी, उसे अनावेदक से वापस दिलाया जाए। आयोग ने इस प्रकरण में अनावेदक को समझाइश दी, जिसके बाद उसने दहेज का सारा सामान वापस करने के लिए सहमति जताई।

### नारायणपुर में तीन युवतियों के साथ मारपीट के मामले में एसपी को पत्र

नारायणपुर में घटित तीन युवतियों के साथ जाति-सूचक गाली-गलौज कर मारपीट करने के मामले में भी सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया कि तीनों युवतियों ने शिकायत की है कि उनके साथ थाने के अंदर थाना प्रभारी की मौजूदगी में तीन लोगों ने गाली-गलौज कर मारपीट की है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में आयोग, नारायणपुर एसपी को पत्र लिखेगा, जिसमें पूरी घटना से संबंधित सीसीटीवी कैमरे के विडियो फूटेज के साथ रिपोर्ट मांगी जाएगी।

## पेज 11 के शेष

### फीस घटाई फिर ....

व कॉलेज में योग शिक्षक के पद सृजित होंगे। ऐसा नहीं होने के कारण छात्रों को इसमें अधिक दिलचस्पी नहीं रह गई है और वे प्रवेश नहीं ले रहे हैं।

### दो विभागों में ....

कोरोनाकाल से पूर्व यहां योगा पाठ्यक्रम के लिए सीट से 8 गुना तक आवेदन मिलते रहे हैं। महंत महाविद्यालय ने इस बार दाखिले ही नहीं दिए हैं। प्रबंधन एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के स्थान पर तीन माह की अवधि वाला सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ करने रूपरेखा बना रहा है।

### 60 सीटें प्रवेश सिर्फ ....

60 सीटें भर सकी हैं। यहां इस वर्ष रुझान को देखते हुए पीजीडीसीए की फीस 26 हजार से घटाकर 20 हजार कर दी गई है। फीस घटाने के बाद प्रवेश संख्या में वृद्धि तो हुई, लेकिन सीटें पूर्ण रूप से नहीं भर सकी हैं। प्राचार्यों का कहना है कि बीएससी विथ कंप्यूटर साइंस जैसे कई तरह के तकनीक आधारिक कोर्स के चलते इसकी मांग कम हो रही है।

### संवारने और उजाड़ने ....

रायपुर नगर निगम एक तरफ जहां अपने कर्मचारी, अधिकारियों के वेतन, एसटीपी और फिल्टर प्लांट के बिजली बिल भुगतान में आर्थिक तंगी का रोना रो रहा है, वहीं जन सुविधा के नाम पर सरकारी पैसे की फिजूलखर्ची आम बात हो गई है।

### नरैया तालाब किनारे ....

वाले हिस्से के पेवर ब्लाक को उखाड़कर रख दिया है। इससे यहां सुबह-शाम आने-जाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जबकि पाथवे का उपयोग लोग करते आ रहे हैं। स्थानीय रहवासियों ने इसकी शिकायत निगम मुख्यालय और जोन कार्यालय में की है।

### पंडरी के महालक्ष्मी ....

पंडरी के सिटी सेंटर मॉल के पीछे वाले हिस्से में जहां पहले अंधेरा रहता था वहां लोगों की आवाजाही को देखते हुए एक थीम पर नए स्टायलिश पोल लगवाए जा रहे हैं।

**आम सूचना**

**(मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड, वार्ड क्रमांक- 41, मौजा- रायपुर खास स्थित मकान के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. सुरेश पाटनी (जैन), 2. रमेश कुमार पाटनी, 3. नरेश कुमार पाटनी तीनो पिता स्व. विमलचंद पाटनी, सभी निवासी- 46 / 292, विनोद टेलर्स के बाजू, मालवीय रोड, रायपुर 4. श्रीमती आरती कासलीवाल पति श्री रविन्द्र कासलीवाल (पिता स्व. विमलचंद पाटनी) निवासी- मरोदा सेक्टर, भिलाई नगर 5. श्रीमती भारती पदम कुमार गंगवाल पति श्री पदम कुमार गंगवाल (पिता स्व. विमलचंद पाटनी) निवासी सफायर चेम्बर, बानेर रोड, पुणे से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड, वार्ड क्रमांक - 41, मौजा रायपुर खास, प.ह.नं. 62, रा.नि.मं. रायपुर- 12- रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित आबादी भूमि के भाग पर निर्मित मकान कुल क्षेत्रफल 920 वर्गफुट है, जिसका पुराना मकान नं. 46/292 है एवं वर्तमान म्युनिस्पल प्रॉपर्टी यु.आई.डी.नं.- RPR741B00306 है, जो कि मालवीय रोड मुख्य मार्ग पर स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध का निष्पादन अपने पक्ष में करा चुके है, अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व आधिपत्य या अंतरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरांत उक्त संपत्ति का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 20.08.2025

भवदीय
शब्बीर भारमल (कपासी), मोईज भारमल
(अधिवक्तागण)
7, पुष्पक अपार्टमेंट, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल नं. 9827150152, 9691234252

**आम सूचना का खण्डन**

दैनिक हरिभूमि में प्रकाशित आम सूचना दिनांक 21.07.2025 का खण्डन निम्नानुसार किया जा रहा है। मेरे पक्षकार श्रीमती सरिता सोनी एवं आदित्य सोनी निवासी- पुरानी बस्ती, रायपुर द्वारा एक विक्रय इकरारनामा दिनांक 26.12.2025 को वाके मौजा कुशालपुर रायपुर खास प.ह.नं. 106 रायपुर तहसील व जिला- रायपुर में स्थित आबादी भूमि पर निर्मित एक मजिला मकान रकबा 1050 वर्गफुट का सौदा विक्रेता श्रीमती शकुन्तला सिंह ठाकुर पिता- पर्यटन सिंह ठाकुर से किया था, उक्त इकरारनामा के आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा तयशुदा सौदे की रकम में से 19,00,000/- (अक्षरी उन्नीस लाख रूपये) अर्थात कुल सौदे की 60 प्रतिशत राशि विक्रेता को दी जा चुकी है तथा इकरारनामा की कंडिका क्र. 07 के अनुसार विक्रेता को निर्धारित समयावधि में विक्रय विलेख पंजीयन हेतु आवश्यक समस्त दस्तावेज को क्रेता/ मेरे पक्षकार को उपलब्ध कराया जाकर पंजीयन कराया जाना था, किंतु विक्रेता शकुन्तला सिंह द्वारा उक्त विक्रय इकरारनामा में उल्लेखित शर्तों का उल्लंघन किया जाकर विक्रय पंजीयन में निरंतर हिला हवाला किया जाता रहा है तथा बार-बार पंजीयन हेतु समय की मांग विक्रेता/आपके पक्षकार द्वारा की जाती रही है। मेरे पक्षकार द्वारा कभी भी विक्रय विलेख पंजीयन हेतु विलंब कारित नहीं किया गया है। मेरा पक्षकार/क्रेता पूर्व में तथा वर्तमान में भी उक्त इकरारनामा के आधार पर विक्रय विलेख पंजीयन हेतु तत्पर है। विक्रेता/आपके पक्षकार को यह सलाह दी जावें कि, वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराया जाकर मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय विलेख पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण की जावें। अन्यथा वाद म्याद मेरा पक्षकार उक्त विक्रय इकरारनामा के आधार पर व्यवहार वाद दायर कर अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की डिक्री प्राप्त कर विक्रय विलेख पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करा लेवेगा। जिसमें होने वाले समस्त व्यय की जिम्मेदारी आपके पक्षकार/विक्रेता की होगी।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 20.08.2025

अश्वनी राव अधिवक्ता
आर्बिट टॉवर, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.-7489234931, 9827196770

**// ईश्तहार //**

पत्र क्रं /21648/ न.पा.नि./ जोन क्रं- 10 /2025
रायपुर, दिनांक 11.08.2025
नामंतरण प्र.क्र. 21648
वार्ड का नाम 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651I0588A जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती GOVT LAND HOSLA PRASAD MISHRA पिता/ पति श्री/श्रीमती ....... के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती PRABHA SHANKAR MISHRA पिता / पति श्री/श्रीमती S/O LT HOUSLA PRASAD MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ...../ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। "सूचना जारी करे"

श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर), जोन क्रं. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

पत्र क्रं /21646/ न.पा.नि./ जोन क्रं- 10 /2025
रायपुर, दिनांक 11.08.2025
नामंतरण प्र.क्र. 21646
वार्ड का नाम 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651I00588 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती GOVT LAND HOSLA PRASAD MISHRA पिता/ पति श्री/श्रीमती ....... के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती PRABHA SHANKAR MISHRA पिता / पति श्री/श्रीमती S/O LT HOUSLA PRASAD MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ...../ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। "सूचना जारी करे"

श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर), जोन क्रं. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक: 202508112800024/275**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

विषयः- अ-20 (3) सनः- 2024-2025
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.) ]

**पक्षकारों का विवरण** - आवेदक पक्षकार मकतब खदीजतुल कुबरा वेलफेयर सोसायटी द्वारा अध्यक्ष (1) मोहम्मद उबैदुल हफीज, (2) द्वारा कोषोध्यक्ष जाकिर अहमद खान, नियाजी

**अनावेदक पक्षकार** -वलिया अहमद पति सैय्यद अहतिशाम अहमद

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा बैरनबाजार रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मकतब खदीजतुल कुबरा वेलफेयर सोसायटी द्वारा अध्यक्ष (1) मोहम्मद उबैदुल हफीज, निवासी- मस्जिद के पास, छोटापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (2) द्वारा कोषोध्यक्ष जाकिर अहमद खान, नियाजी निवासी- मोमीनपारा मस्जिद के पास, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा बैरनबाजार स्थित ब्लॉक/शीट नंबर-110, भूखण्ड क्रमांक- 106/2/5 पुराना प्लॉट नंबर-106/2, 107, 109/1, 125, 4/2 रकबा 800 वर्गफुट भूमि को आवेदकगणों ने विक्रेता वलिया अहमद पति सैय्यद अहतिशाम अहमद से क्रय किया है। अतएव आवेदकगणों के द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 04/09/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
NAVIN KUMAR THAKUR
नजूल अधिकारी
रायपुर

**PUBLIC NOTICE**

(In Relation of Immovable Residential Property bearing Plot No. MIG B-79, Area 40 x 60=2400 Sq. Ft. Comprised in Khasra No. 326/37, Situated at Mouja Telibandha, Shankar Nagar Ward, Ward No. 30 (Old Maharshi Valmiki Ward No. 28), P. H. No. 064, R.I.C. Raipur-9-Telibandha, Tahsil & District Raipur (C.G.)

This is inform to General Public that the Original previous three sale deed duly executed by Smt. Anita Satpathi in favour of Shri Jayveer Prasad Mittal. Vide Doc. SI. No. 3900, Dated 08.01.2007 & executed by Ku, Shabina Begam in favour of Smt. Anita Satpathi. Vide Doc. SI.No. 3412, Dated 03.11.2003 & executed by M/s Kavita Sahakari Griha Nirman Sansth Samiti, Raipur in favour of Shabina Begam in favour of Smt. Anita Satpathi. Vide Doc. SI. No. 8336, Dated 02.11.1996 registered in the Office of Sub-Registrar, Raipur (C.G.) has been lost/Misplaced by Present 1. Shri Ravi Raheja 2. Shri Rajesh Raheja both R/o Late Parasram Raheja Written intimation duly given in the Police Station, Telibandha, District Raipur (C.G.) on 16/06/2025 for Lost of above previous sale deed by present Owner.

Now, Proposed Buyer 1. Shri Apoorva Tiwari S/o Late Ashok Kumar Tiwari 2. Smt. Vatsala Tiwari W/o Shri Apoorva Tiwari has applied for Loan from My Client, Canara Bank if any Person/ Bank/ Corporation/Society/ Institution/ Govt. or No Govt. Authority etc., having an interest in the said Property or any part thereof may make their claim/ objections with documentary proof to the undersigned office within 07 Days from the Date of Publication, without any reference to such claim and the same, if any shall be considered as waived & My client shall be enable to create mortgage on said property. Please take Notice

Place- Raipur Date 19/08/2025

Ashutosh Mishra (Advocate)
F-3, Modern Complex, Near Lalganga City Mart, Motibag Chowk, Raipur (C.G.)
Mobile No. -94255-48998 Phone - (0771) 2888998 (0)

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं, नाजनीन, उम्र 28 पति श्री अब्दुल कदीर आमदानी निवासी-चौरसीया कालोनी, मठपुरैना, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि

1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है
2. यह कि, मेरी पुत्री के नाम पर जारी जन्म प्रमाण में मेरी पुत्री का नाम आयत जहां, जन्म दिनांक 26.04.2022 को जिला अस्पताल, कालीबाड़ी, रायपुर छ.ग. में हुआ है तथा मेरी पुत्री के नाम पर जारी जन्म प्रमाण जिसका पंजीयन नंबर-B2022;22-90201-001303 जारी दिनांक 27.06.2022 है।
3. यह कि, मेरी पुत्री के नाम पर जारी जन्म प्रमाण पत्र में मेरी का नाम आयत जहां दर्ज किया गया है जिसे सुधार किया जाकरी मेरी पुत्री का पूरा नाम "FATIMA ZAHRA" दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जावे ।
4. यह कि अतः यह शपथपत्र मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में सुधार किया जाकर हिन्दी एवं इंग्लिश स्पेलिंग सहित दोनो भाषा में दर्ज किये जाने हेतु उपरोक्त कथनो की सत्यता के समर्थन में संबंधित अधिकारी/ विभाग के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं ।

शपथकर्ती

-: सत्यापन :-

मैं, उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि, इस शपथपत्र की कंडिका क्रमांक-1 से 4 तक में वर्णित समस्त कथन को पढ़कर, समझकर एवं पूर्ण चैतन्य रूप से जानकर सत्यापित किया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 19.08.2025 शपथकर्ती

**ईश्तहार**

पत्र क्र./22511/न.पा.नि./जोन.क्र. 10/2025
रायपुर, दिनांक 01/08/2025
नामांतरण प्र.क्र. 22511
वार्ड का नाम- 50 पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR445G00110 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती CHANDNI WADHWANI MAHESH WADHWANI पिता/पति श्री/श्रीमती MAHESH WADHWANI, NIHCHAL WADHWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Pooja Bhatre पिता/पति श्री/श्रीमती Sunil Bhatre ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री ज्योतिष कुमार बांधे, पिता स्व. श्री चैतराम बांधे निवासी ग्राम- बरौदा, माना, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा महेन्द्र कुमार पिता श्री खिलावन साहू, निवासी कृषक नगर जोरा, लाभांडी, रायपुर छ.ग. के भूमि स्वामी हक में दर्ज भूमि ग्राम लाभांडी प.ह.नं. 113/44, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.न. 485/1 रकबा 3000 वर्गफीट को मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदातय कर ब्याना राशि का भुगतान कर दिया है तथा शेष राशि विक्रय पंजीयन के समय विक्रेता को उप पंजीयक कार्यालय में चेक/आनलॉईन के माध्यम से भुगतान किया जायेगा।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेंवे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा।

स्थान- अभनपुर दिनांक -20/08/2025

सुरेश कोसरे अधिवक्ता
पता शॉप नं. 23, कामर्शियल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 29, नवा रायपुर
अटल नगर, जिला रायपुर छ.ग.
मोबाईल नं. - 79878 65057

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला- रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न. - 00081 धनेली दो ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440726500032

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00081 के अंतर्गत ग्राम धनेली- दो के वर्तमान भूमिस्वामी भूखिन पिता/पति - जनकराम पता- सुकलाल रतन रूखमीन पिता दयाराम पिता/पति- मनोहर टिकेश्वरी पी. जनकराम पता - सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 51/2(0.0490), 300/3 (0.1620) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुकलाल पिता/पति- स्व दयाराम पता- धनेली, रायपुर छ.ग. रतन पिता/पति- स्व दयाराम पता- धनेली, रायपुर छ.ग., टिकेश्वरी पिता/पति स्व जनकराम पता - धनेली, रायपुर छग मनोहर पिता/पति-स्व जनकराम पता- धनेली, रायपुर छ.ग. रुखमीन पिता/पति-स्व दयाराम पता-धनेली, रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/09 / 2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार : राममूर्ति दीवान
तहसील रायपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित अटल आवास योजना गातापार रायपुर में भवन क्रमांक 229, श्री रितु साहू पिता श्री शेषमणि साहू के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 14.12.2016 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 493 दिनांक 04.02.2017 आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा आधार हाउसिंग फायनेस लिमिटेड रायपुर में भवन को बंधक रखा गया है। वर्तमान में आधार हाउसिंग फायनेस लिमिटेड रायपुर के पत्र दिनांक 04.02.2025 के माध्यम से अवगत कराया गया है, कि ऋणी आवेदक श्री रितुराज साहू सह आवेदक राहुल साहू द्वारा ऋण की राशि नियमित भुगतान न करने की स्थिति में वित्तीय संस्था द्वारा विधिक रूप से सिक्युटराईजेशन एण्ड रिकन्सटक्शन ऑफ फायनेंसियल असेट्स एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऋण की बकाया राशि वसूली हेतु निम्न वर्णित प्रतिभूति अस्तियो का आधिपत्य लेने के अनुक्रम में कार्यालय से विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना गातापार रायपुर में भवन क्रमांक 229, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर, अटल नगर

HEALTH TOWN

रामकथा
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

VASTU LOGO कर सकता है आपके व्यापार में तरक्की
• क्या आपका व्यापार अच्छा नहीं चल रहा ?
• ऑफिस में नकारात्मकता जैसा माहौल है ?
• व्यापार में वृद्धि नहीं हो रही है ?
• कोई भी कार्य सफल नहीं हो रहा है ?
• काम बनते बनते बिगड़ जाता है ?
• ग्राहक से संपर्क टूट रहा है ?
आपके कंपनी के लिए सही अंक या सही रंग का चुनाव आवश्यकता है।
www.snitinnumerological.com info@urbt0111@gmail.com 7000074769

SHREEJI INN
HOTEL & RESTAURANT
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT
AMPLE NUMBER OF CAR PARKING SPACE - (150+CAR PARK AT A TIME)
FOR SMALL FUNCTIONS
BANQUET HALL CAP : 30-200 PAX
WE ORAGANISE : •CORPORATE EVENTS •KITTY PARTY •MARRIAGE FUNCTIONS •BIRTHDAY PARTY & MORE...
BOOKING NOW +91 9329744444
Ring Road No. 1, infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur

NEW MENU EVERYDAY
UNLIMITED QUALITY FOOD
MONDAY TO FRIDAY 12:00 PM TO 3:30 PM
DELICIOUS THAALI STARTING 21ST JULY 2025
₹299/- ONLY
White Bowl, Hotel Allnear Rishabh
Complex MG Rd. Raipur, Mob.: 9171500051, 9171500052

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किस्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
93404-44755

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निरांकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवाल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें
वी.आई.पी. रोड, रायपुर, मो. 98279-59655

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

# सूदखोर तोमर बंधुओं की अग्रिम जमानत याचिका सेशन कोर्ट ने की खारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

एक्सटार्सन, सूदखोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य गंभीर अपराधों के आरोपी सूदखोर तोमर बंधुओं की सेशन कोर्ट ने बुधवार को अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। बचाव पक्ष के वकील ने वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के खिलाफ दर्ज आधा दर्जन मामलों में अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में आवेदन पेश किया था। मामले की सुनवाई सीबीआई की विशेष अदालत में हुई। बचाव पक्ष के वकील ने कुर्की आदेश को लेकर कोर्ट में आवेदन पेश किया है, जिस पर गुरुवार को कोर्ट में सुनवाई होगी।

वीरेंद्र तथा रोहित तोमर दो महीने से ज्यादा समय से फरार हैं। दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने पांच



हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। इनाम घोषित होने के बाद भी दोनों भाइयों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने संपत्ति कुर्क करने कोर्ट में आवेदन पेश किया था। इस पर कोर्ट ने दोनों भाइयों को 19 अगस्त तक कोर्ट में पेश होने की उद्घोषणा की थी। उद्घोषणा के बाद भी आरोपियों के पेश नहीं होने पर कोर्ट ने पुलिस के आवेदन पर स्वीकृति देते हुए चार संपत्ति कुर्क करने कलेक्टर के पास प्रतिवेदन भेजा। कलेक्टर ने कुर्की की कार्रवाई करने तहसीलदार को निर्देशित किया है।

### आवेदन के दूसरे दिन कुर्की आदेश

बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि कुर्की को लेकर उन लोगों ने 18 को कोर्ट में आवेदन पेश किया था, जिस पर कोर्ट ने 20 अगस्त को सुनवाई की तारीख तय की थी। इसे लेकर बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि उन्हें सुने बिना कुर्की आदेश जारी किया गया है। इस पर कोर्ट गुरुवार को सुनवाई करेगी। उसके बाद कुर्की की कार्रवाई तय की जाएगी।

### साईं विला का मकान, जमीन होगी कुर्क

तहसीलदार प्रवीण परमार के अनुसार वीरेंद्र तथा रोहित तोमर की जिन चार प्रापर्टी का कुर्की किया जाना है, उनमें उनका भाठागांव स्थित साईं विला का मकान तथा जमीन शामिल है। इसी तरह से राजधानी से सटे आस-पास के एरिया में तोमर भाइयों के नाम से जो तीन जमीन है। उसे भी कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट के फैसले के बाद गुरुवार को तय हो जाएगी की सूदखोर तोमर भाइयों की प्रापर्टी कब कुर्क होगी।



### संस्कार पाठशाला को स्मृति चिन्ह के साथ मिला सम्मान

**रायपुर।** मारुति फाउंडेशन की निदेशक मेघा तिवारी ने सर्वत्र शिक्षा समिति, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित संस्कार पाठशाला के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर वे स्टेट कार्यालय पहुंचीं और स्मृति चिन्ह भेंट कर संस्कार पाठशाला का सम्मान किया। साथ ही स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनिल कुमार सिंह, जोनल डायरेक्टर डीके शर्मा को श्रीफल एवं शाल अर्पित कर अभिवादन भी किया।

*फर्जी वेबसाइट पर छात्रों से डुप्लीकेट मार्कशीट के लिए मांग रहे डॉक्यूमेंट*

# मार्कशीट, दस्तावेज सुधार के लिए भी फ्राड, बोर्ड ने किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और हितधारकों को डुप्लीकेट मार्कशीट, प्रमाण पत्र जारी करने और दस्तावेज सुधार के संबंध में भ्रामक जानकारी के प्रति आगाह किया है। इस संबंध में बोर्ड ने स्टूडेंट्स और अभिभावकों को सलाह दी है कि वे बोर्ड द्वारा अपनी वेबसाइट, क्षेत्रीय कार्यालयों या वेरिफाइड संचार माध्यम से जारी आधिकारिक अधिसूचनाओं पर ही भरोसा करें। स्टूडेंट्स आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इसे चेक कर सकते हैं। बोर्ड ने जारी किए नोटिस में कहा है, कुछ अनधिकृत स्रोत भ्रामक जानकारी प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें डुप्लीकेट मार्कशीट, प्रमाण पत्र और दस्तावेज सुधार जारी करने के लिए त्वरित समाधान देने का दावा किया जा रहा है। यह साइबर फ्राड का हिस्सा हो सकता है। सीबीएसई ने ऐसे सभी दावों को सख्ती से खारिज किया है और साथ ही कहा कि ये प्लेटफॉर्म न तो बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं और न ही किसी प्रकार से अधिकृत हैं।

### कई तरह की जानकारियां

कई ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिसमें छात्रों को डुप्लीकेट मार्कशीट प्रदान करने से लेकर अन्य दस्तावेजों के लिए व्यक्तिगत जानकारियां मांगी जा रही हैं। इनका प्रयोग फ्रॉड के लिए भी हो सकता है, ऐसे में सीबीएसई ने इस संदर्भ में छात्रों को चेताया है। छात्रों को केवल आधिकारिक वेबसाइट में ही जाकर आवेदन करने कहा गया है ताकि उनके साथ किसी भी तरह की धोखाधड़ी ना हो।

# शराब घोटाला में शामिल 28 आबकारी अफसरों को कोर्ट का वारंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

करोड़ों के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए 28 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ बुधवार को ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट ने वारंट जारी किया है। आबकारी अफसरों को कोर्ट में उपस्थित होने निर्देश दिए गए थे, लेकिन अफसर कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। आदेश की अवहेलना करने पर कोर्ट ने सभी आबकारी अफसरों पर पांच-पांच सौ रुपए जुर्माना लगाया है। बताया जा रहा है, आबकारी अफसर अपनी गिरफ्तारी के डर से कोर्ट में पेश नहीं हुए। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होनी है।

शराब घोटाला में घोटाले का किंग पिन पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर सहित 15 आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। शराब घोटाले में शामिल अधिकारियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में चालान पेश कर दिया है और हाईकोर्ट उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर चुका है। जिन अधिकारियों के खिलाफ वारंट जारी किया गया है, उनमें प्रमोद नेताम, नीतू नोतानी, एलएस ध्रुव, इकबाल अहमद खान, जनार्दन सिंह कौरव, अरविंद पाटले, दिनकर वासनिक, नोहर ठाकुर, नवीन तोमर, विकास गोस्वामी, रामकृष्ण मिश्रा, मंजूश्री कसेर, विजय सेन, मोहित जायसवाल, गंभीर सिंह नुरूटी, नीतिन खंडूजा, अश्वनी अनंत, अंनत सिंह, सोनल नेताम, गरीब पाल सिंह, सौरभ बक्शी, जेठूराम मंडावी, देवलाल वैद्य, प्रकाश पाल, आशीष कोसम और राजेश जायसवाल के नाम शामिल हैं।

### चालान पेश होने के बाद दागी अफसर निलंबित

शराब घोटाले में 29 आबकारी अफसरों के शामिल होने का ईओडब्लू, एसीबी ने आरोप लगाया है। इनमें से एक अफसर की मौत हो चुकी है। छह सेवानिवृत्त हो चुके हैं। कोर्ट में चालान पेश होने के बाद शासन के निर्देश पर शेष 22 अफसरों को निलंबित किया गया है। इन सभी पर सिंडिकेट में शामिल होने का आरोप है। सिंडिकेट में काम कर रहे अफसरों पर 88 करोड़ से ज्यादा की रकम अवैध तरीके से कमाने का आरोप है।

## बिजनेस साइट

# बैंक ऑफ इंडिया ने 'उद्यमी विकास महोत्सव' का किया सफल आयोजन

**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नवा रायपुर स्थित जोनल ऑफिस में 'उद्यमी विकास महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक आलोक कुमार त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, नीतियों और उद्योग स्थापना को लेकर उपयोगी विचार साझा किए। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर गायत्री कांपा, डिप्टी जोनल मैनेजर एनपी



चौरसिया, एजीएम एसएमईसीसी रायपुर सोनू कुमार, एजीएम रायपुर शाखा अमरेश्वर कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, बिजनेस सोर्सिंग एसोसिएट्स और ग्राहकों ने भाग लिया। बैंक ऑफ इंडिया ने इस दौरान अपने विभिन्न एमएसएमई उत्पादों की जानकारी दी। इस अवसर पर 17 ग्राहकों को कुल 83 करोड़ रुपए राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस आयोजन ने प्रतिभागियों में जागरूकता और सहयोग की भावना को और मजबूत किया।

## एनआईटी रायपुर में 'ग्रीन गणेशा' कार्यक्रम 24 को



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में इस गणेश चतुर्थी, 24 अगस्त को गो ग्रीन की ओर से 'ग्रीन गणेशा' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक गणेशोत्सव को पर्यावरण अनुकूल रूप देना और युवाओं को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार करनी होगी। प्लास्टर ऑफ पेरिस और हानिकारक रंगों की जगह केवल प्राकृतिक और पर्यावरण हितैषी सामग्री का प्रयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में कुल चार श्रेणियां रखी गई हैं - दो विद्यालय स्तर और दो महाविद्यालय स्तर के छात्रों के लिए। शहर भर के स्कूल और कॉलेजों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण कर रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि 'ग्रीन गणेशा' न सिर्फ प्रतियोगिता है, बल्कि यह एक संदेश भी है - उत्सव मनाते समय प्रकृति की रक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है।

## रायपुर में गनेबो के ब्रांड्स स्टीलेज और चब सेफ्स का डिस्प्ले सेंटर लॉन्च



**रायपुर।** विश्वस्तरीय फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ब्रांड गनेबो ने रायपुर में अपने प्रमुख ब्रांड्स स्टीलेज और चब सेफ्स के लिए नया डिस्प्ले सेंटर लॉन्च किया है। यह सेंटर बूढ़ापारा स्थित सप्रे शाला के सामने, सलासार ट्रेड लिंकर्स के सहयोग से शुरू किया गया है। इसका उद्घाटन गनेबो के वेस्ट ज़ोन रीजनल मैनेजर प्रकाश कुमार और सेल्स मैनेजर संदीप हांडा द्वारा किया गया। इस मौके पर चैनल पार्टनर आनंद सोमानी भी उपस्थित रहे। डिस्प्ले सेंटर में सेफ, लॉकर, वॉल्ट, स्ट्रॉन्ग रूम डोर और हाई-सिक्योरिटी लॉक जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां ग्राहकों को एक्सपर्ट गाइडेंस भी दी जाएगी। गनेबो के अधिकारी अरिंदम मुखुति ने बताया कि रायपुर जैसे उभरते शहरों में सुरक्षित स्टोरेज की बढ़ती मांग को देखते हुए यह पहल की गई है। कंपनी देशभर में अपने नेटवर्क के विस्तार पर कार्य कर रही है।

## मैट्स विश्वविद्यालय में 'दीक्षारंभ 2025' कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय में बी.कॉम और बीबीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए छह दिवसीय 'दीक्षारंभ 2025' ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय के वातावरण, संसाधनों और अवसरों से परिचित कराना था।



मुख्य वक्ता प्रो. एसके भराल ने शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर जोर दिया, जबकि सोहन साहू ने अपने प्रेरक उद्यमी अनुभव साझा किए। डीन डॉ. उमेश गुप्ता ने अनुशासन और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया। कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति डॉ. के.पी. यादव और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम ने छात्रों को नई दिशा, प्रेरणा और आत्मविश्वास से भर दिया, जिससे उनका शैक्षणिक सफर सशक्त आधार के साथ शुरू हुआ।

## श्री गणेशोत्सव के दौरान विद्युत सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान, सीएसपीडीसीएल ने जारी की महत्वपूर्ण अपील

**रायपुर।** श्री गणेशोत्सव की तैयारियों के बीच छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) ने समस्त श्री गणेश समितियों से विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है। कंपनी ने पंडालों की स्थापना और विद्युत साज-सज्जा को लेकर कुछ अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिससे जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सीएसपीडीसीएल द्वारा जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि सभी पंडालों की स्थापना विद्युत लाइनों और ट्रांसफॉर्मरों से सुरक्षित दूरी पर की जाए। इसके साथ ही विद्युत सजावट के लिए उचित क्षमता वाले वायर और मुख्य स्विच (मेन स्वीच) का ही उपयोग किया जाए। कटे-फटे या छिले हुए तारों का प्रयोग सख्त वर्जित है। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि अनधिकृत या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना, विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।



# पीजी बांड पोस्टिंग काउंसिलिंग में गड़बड़ी, रिक्त पद 299, भर्ती निकली 157 की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यूजी की तरह पीजी डाक्टरों की बांड पोस्टिंग की ऑनलाइन काउंसिलिंग में गड़बड़ी होने की शिकायत सामने आने लगी है। एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में रिक्त पदों की संख्या 299 है, मगर भर्ती की प्रक्रिया 157 पदों के लिए पूरी की जा रही है। आरोप लगाया गया है कि रायपुर, बिलासपुर जैसे कॉलेज में ज्यादा पीजी डाक्टरों की मांग है, मगर जारी भर्ती सूची में एक-दो पदों को ही शामिल किया गया है।

- रायपुर, बिलासपुर जैसे कॉलेजों में रिक्त पद ज्यादा, जारी लिस्ट में इक्का-दुक्का ही शामिल

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों के दो साल की बांड पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके तहत बुधवार से ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू की गई है और च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 26 को सीटों की प्रावीण्य सूची के आधार पर पोस्टिंग की जाएगी। पंजीयन शुरू होने के पहले दिन ही इस काउंसिलिंग में गड़बड़ी का आरोप लगने लगा है।

आरोप है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सभी दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की संख्या 299 बताई थी। साथ ही यह जानकारी दी थी कि चार मेडिकल कालेजों में पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों की संख्या 157 है। डाक्टरों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है कि काउंसिलिंग में उपलब्ध डाक्टरों की संख्या के आधार पर 157 पदों पर ही भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मेडिकल कालेजों के पदों की जानकारी छुपाकर दूरवर्ती जिलों के छोटे स्वास्थ्य केंद्र के पद शामिल किए गए हैं। आरोप यह भी है कि छुपाकर रखे गए पदों पर काउंसिलिंग पूरी होने के बाद विशेष प्रयास करने वालों को निजी स्वार्थ पूरा कर नियुक्ति दी जाएगी।

### जूनियर डाक्टर एसोसिएशन की आपत्ति

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने स्वास्थ्य संचालनालय में जाकर इस काउंसिलिंग पर आपत्ति जताई है। उन्होंने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि रिक्त सूची में कुछ पदों को प्रदर्शित करना पारदर्शिता की कमी एवं अनियमितता की ओर संकेत कर रहा है। आशंका है कि कुछ पदों को जानबूझकर छिपाया गया है, ताकि बाद में तथाकथित संशोधन अथवा विशेषाधिकार के नाम पर उन्हें चुनिंदा व्यक्तियों को आवंटित किया जा सके। मांग की गई है कि समस्त उपलब्ध रिक्तियों को पूर्ण रूप से सार्वजनिक किया जाए। बॉन्ड पोस्टिंग की प्रक्रिया प्रत्यक्ष एवं पारदर्शी काउंसिलिंग के माध्यम से कराई जाए और सभी अभ्यर्थियों को उनके मेरिट के आधार पर निष्पक्ष अवसर प्रदान किया जाए।

### कई मेडिकल कालेज सूची से गायब



### जेएन कालेज में प्रमुख रिक्त पद और भर्ती सूची

- एनीस्थिसिया विभाग रिक्त 6 पद भर्ती सूची में 1 पद
- बायोकेमेस्ट्री विभाग में रिक्त पद 5, भर्ती सूची में 1 पद
- कम्यूनिटी मेडिसिन में 6 पद रिक्त, भर्ती सूची में 2 पद
- जनरल मेडिसिन में रिक्त पद 4, भर्ती सूची में शून्य पद

## खबर संक्षेप



### प्रदेश की जनजातियों पर होगा शोध छात्रों के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

**रायपुर।** प्रदेश के बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में निवास करने वाली जनजातियों पर अब विशेष शोध और अनुसंधान होगा। राज्य की जनजातियों की गौरवशाली परंपरा, उनकी संस्कृति और उनके समाजिक ताने-बाने को लेकर अब विद्यार्थी उच्च स्तरीय शोध करेंगे। राज्य के गुरु घासीदास केंद्रीय विवि और नई दिल्ली के ट्रायबल रिसर्च एंड नॉलेज सेंटर के बीच इसके लिए महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। अगले तीन वर्षों तक छत्तीसगढ़ में निवासरत जनजातियों पर शोध कार्य किए जाएंगे। ट्रायबल रिसर्च एंड नॉलेज सेंटर के राज्य प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया, राज्य की पुरातन और गौरवशाली जनजातीय के कई अनछुए पहलुओं और उनकी सभ्यता और संस्कृति के बारे में इन शोधों से आम नागरिकों को भी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। इन शोध कार्यों से सरगुजा और बस्तर के क्षेत्रों की विभिन्न जनजातियों के आदिकालीन सामाजिक संगठन, उनके अर्थशास्त्र, सुशासन, ग्रामीण उद्यमिता, सतत विकास और नवाचार के बारे में भी लोग जान सकेंगे। **प्रशासनिक अधिकारी भी कर सकेंगे कोर्स** : विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अभय एस रणदिवे ने कहा, अनुबंध के बाद जनजातीयों पर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू होंगी। छात्रों और युवाओं के साथ प्रशासकों, जनजातीय हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, नेतृत्व विकास कार्यशालाएं और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रदर्शन संविदा का पुतला फूंकने पर पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- प्रदेश के सभी जिलों में संविलयन, स्थायीकरण सहित 10 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन
- 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

प्रदेशभर के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांग को लेकर कामबंद कलमबंद हड़ताल पर हैं। गुरुवार को संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में संविदा प्रथा का पुतला दहन किया। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर संविदा कुप्रथा नाम से पुतला फूंकने जा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने पुतला दहन करने से रोका। इससे कर्मचारी बिफर गए। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम संघ के आव्हान पर संविदा कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इनकी हड़ताल के कारण अस्पतालों में नर्सिंग और पैथालॉजी सेवाओं पर असर पड़ा है। धरना दे रहे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ केडर, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता सहित अन्य मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदर्शन करने जुटे हैं।



संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल से जहां मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं के मानक तय करने वाले राष्ट्रीय पोर्टल का काम प्रभावित हुआ है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी का कहना है, सरकार की उपेक्षा और टालमटोल की नीति से मजबूर होकर कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। यह संघर्ष केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और लाखों मरीजों के हित से जुड़ा हुआ है।

# ओपन विवि को भी नहीं मिल रहे छात्र, 31 तक होंगे दाखिले

- इग्नू के 350 से अधिक पाठ्यक्रम में 31 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने दाखिले की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। सर्टिफिकेट कार्यक्रमों को छोड़कर डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा व स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि विश्वविद्यालय की ओर से बढ़ाई गई है।

गौरतलब है कि इग्नू करीब 350 से अधिक कार्यक्रम संचालित करता है, जिनमें डिप्लोमा, यूजी, पीजी एवं पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम शामिल हैं। कई बोर्ड की पूरक परीक्षाओं के परिणाम अपेक्षाकृत विलंब से जारी हुए हैं। ऐसे में जो छात्र आवेदन नहीं कर सके हैं, वे 31 अगस्त तक फॉर्म भर सकते हैं। इसके अलावा इग्नू ने दिसंबर सत्र के लिए टर्म एंड परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, परीक्षाएं 1 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 8 जनवरी 2026 तक चलेंगी। पंजीकरण के लिए पोर्टल जल्द ही खोला जाएगा। डेटशीट आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।



### डेटशीट में गलती पर शिकायत 25 तक

परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। सुबह का सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम का सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिन्होंने कार्यक्रम के प्रावधान के अनुसार, जहां भी लागू हो नियत तिथि तक पाठ्यक्रम में आवश्यक संख्या में असाइनमेंट जमा कर दिए हों तथा कार्यक्रम के प्रावधान के अनुसार पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए न्यूनतम समय पूरा कर लिया हो, वे इस परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होंगे। छात्रों से कहा गया है कि यदि डेटशीट में कोई विसंगति हो तो 25 अगस्त तक ईमेल आईडी पर सूचित करें। इस तिथि के बाद किसी भी बदलाव के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

# बोगस खरीदी बताकर 19.65 करोड़ रुपए की टैक्सी चोरी, कारोबारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- लोहा कारोबारी ने डेढ़ दर्जन बोगस कंपनियों से माल खरीदी बताकर की टैक्स चोरी

स्टेट जीएसटी ने एक कारोबारी को 18 फर्जी कंपनियों को कागज में माल बेचना बताकर 19.65 करोड़ रुपए टैक्स चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारी पर आरोप है कि उसने अपनी तीन कंपनियों के माध्यम से दस्तावेज में संचालित कंपनियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 में टैक्स चोरी की है। टैक्स चोरी करने के आरोप में कारोबारी मेसर्स महावीर मोल्ड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अंकित सिंह को गिरफ्तार किया गया है। कारोबारी पर आरोप है कि उसने अपनी फर्म महावीर मोल्ड्स के अलावा जय बजरंग लोहा प्राइवेट लिमिटेड, श्री पशुपतिनाथ लोहा एंड स्टील ट्रेड्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कागजों में संचालित कंपनियों को माल बेच कर टैक्स चोरी की है। जीएसटी के अफसरों के अनुसार कारोबारी ने माहावीर मोल्ड्स के नाम से 12.14 करोड़ रुपए जीएसटी चोरी की है। इसी तरह से कारोबारी ने अपने दो अन्य संस्थान से क्रमशः 5.46 तथा 2.05 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की है। गिरफ्तार कारोबारी को सीजेएम कोर्ट में पेश कर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल किया गया है।



# व्याख्याता से प्राचार्य बनने काउंसिलिंग पहले दिन 10 नदारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए ओपन काउंसिलिंग बुधवार से प्रारंभ की गई। तीन दिनों तक चलने वाली इस काउंसिलिंग के प्रथम दिवस 288 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था। इनमें से 10 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। 20 से 23 अगस्त तक शंकर नगर स्थित शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर में यह काउंसिलिंग चलेगी। इसके लिए क्रमवार 828 शिक्षकों को ओपन काउंसलिंग में शामिल होने के लिए बुलाया गया है। जो शिक्षक शुरुआती तिथियों में काउंसिलिंग में हिस्सा नहीं ले सकेंगे, उन्हें 23 अगस्त को दोबारा मौका दिया जाएगा। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राचार्य (टी-संवर्ग) के पदोन्नति आदेश 14 अगस्त को जारी कर दिए थे। व्याख्याता और प्रधान पाठक से प्राचार्य बनने वालों की पोस्टिंग के लिए इस बार ओपन काउंसिलिंग की जा रही है। पदोन्नति के पश्चात कई तरह की विसंगतियां सामने आती रही हैं। विवाद की स्थिति भी कई बार निर्मित हुई है। इन हालातों से बचने के लिए इस बार ओपन कांउसिलिंग के माध्यम से नियुक्तियां प्रदान की जा रही हैं।



# स्प्री 2025 योजना पर कैट एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम की कार्यशाला

- पंजीकरण करने वाले नियोक्ताओं के लिए कवरेज से पूर्व की अवधि में कोई निरीक्षण नहीं किया जाएगा
- विशेष पंजीकरण विंडो की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैट एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्प्री 2025 योजना पर कैट के प्रदेश कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों की टीम ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्प्री 2025 योजना के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 दिसम्बर 2025 तक विशेष पंजीकरण विंडो आरंभ किया है।

इस पहल का उद्देश्य ऐसे सभी नियोक्ताओं को ईएसआई में शामिल करना है, जो अभी तक ईएसआई अधिनियम के दायरे में नहीं आए हैं। कार्यशाला के संबंध में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि यह योजना, पूर्वव्यापी दंड के डर को समाप्त करती है। नियोक्ता इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने कर्मचारियों को एक सुरक्षित और गरिमामय कार्य वातावरण प्रदान करें। कैट के सिविल लाइन स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई कार्यशाला में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सिंह ,प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारी रत्नेश राजन्य, डिप्टी डायरेक्टर, ईएसआईसी रोहित गुप्ता ,डिप्टी डायरेक्टर एन. के. धीरेन्द्र पटनायक , क्षेत्रिय निर्देशक प्रभारी ईएसआईसी एवं डॉ. श्वेता मिश्रा राज्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।




### योजना की खास बातें

*0 स्प्री के तहत पंजीकरण करने वाले नियोक्ताओं के लिए कवरेज से पूर्व की अवधि में कोई निरीक्षण या कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी।*
*0 कवरेज नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से मानी जाएगी।*
*0 पंजीकरण की तारीख से कर्मचारियों का पंजीकरण होने पर ही उनको इस योजना का लाभ मिलेगा।*
*0 सामाजिक सुरक्षा लाभ, स्वयं एवं परिवार के लिए प्राथमिक से तृतीयक स्तर की चिकित्सा सुविधा, बीमारी, मातृत्व व दुर्घटना/मृत्यु पर नकद सहायता, तथा मेडिकल/डेंटल कॉलेजों में बच्चों के लिए आरक्षित सीटें।*
*0 इस योजना के तहत नियोक्ता श्रम सुविधा पोर्टल, **ESIC** पोर्टल या **MC** पोर्टल के माध्यम से स्वयं से बहुत ही आसानी के साथ इसमें पंजीकरण कर सकते हैं।*







